● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 206, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 08 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ





बजरंग पुनिया बने कांग्रेस किसान के कार्यकारी अध्यक्ष 5

अश्विन ने दलीप ट्रॉफी में निकाली बल्लेबाजों की बड़ी गलती 6

## जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-एनसी सरकार नहीं बना सकती : शाह

### कोई ताकत यहां ऑटोनॉमी की बात नहीं कर सकती, जब तक अशांति रहेगी, पाक से बात नहीं



**जम्मू।** गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार (7 सितंबर) को जम्मू के पलौरा में जनसभा की। विधानसभा चुनाव को लेकर शाह की यह पहली रैली है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार कभी नहीं बन पाएगी।

शाह ने ये भी कहा- कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन एलओसी (नियंत्रण रेखा, भारत-पाकिस्तान बॉर्डर) पर फिर से ट्रेड शुरू करना चाहता है। उसका पैसा आतंकियों के मददगारों तक पहुंचेगा और इलाके में फिर से अशांति आएगी। हालांकि, भाजपा सरकार के रहते ऐसा संभव नहीं हो पाएगा।

गृह मंत्री बोले- जब तक जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं आएगी, तब तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। कांग्रेस जेल में बंद पत्थरबाजों और आतंकी गतिविधियों में लिप्त लोगों को छुड़ाना चाहती है, ताकि आतंक फिर से फैले।

शाह ने कहा- नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस कहती है कि हम जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा देंगे। मैं अब्दुल्ला साहब और राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं कि आप जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा कैसे वापस देंगे? आप जनता को मूर्ख बना रहे हो, क्योंकि जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा तो सिर्फ भारत सरकार ही दे सकती है।

अमित शाह ने आगे कहा- नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी वाले कहते हैं, हम पहले जैसी व्यवस्था लाएंगे। क्या आप इससे सहमत हो? जिस ऑटोनॉमी की बात ने जम्मू-कश्मीर को आग में झुलसाया, घाटी में 40 हजार लोग मारे गए। ये कहते हैं, हम जम्मू-कश्मीर को ऑटोनॉमी देंगे। मैं आज कह कर जाता हूं, कोई भी ताकत ऑटोनॉमी की बात नहीं कर सकती।

शाह ने कहा- आने वाला चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव है। जब से देश आजाद हुआ। पहली बार, दो संविधान नहीं, भारत के संविधान (जिसको बाबा साहेब अंबेडकर ने बनाया) के अंतर्गत मतदान होने जा रहा है। पहली बार, पूरे जम्मू-कश्मीर सूबे में प्रधानमंत्री नहीं बैठ सकता, प्रधानमंत्री एक ही होता है, जिसे कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की जनता चुन कर भेजती है और वो हमारे प्रिय नेता पीएम मोदी हैं।

शाह ने कहा कि कश्मीर ने आतंकवाद से बहुत नुकसान उठाया है। कश्मीर में ऐसी सरकारें थीं, जिन्होंने आतंकवाद के प्रति आंखें मूंद ली थीं। ऐसे लोग हैं, जो शांति होने पर यहां आते और मुख्यमंत्री बन जाते। जब आतंकवाद होता तो वे दिल्ली जाते और कॉफी बार में कॉफी पीते। भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल में आतंकवाद को 70% कम करने का काम किया है। सालों बाद घाटी में नाइट थिएटर शुरू हुआ, घाटी में ताजिया जुलूस निकाला गया। गृह मंत्री ने कहा कि यहां (जम्मू-कश्मीर में) अफवाह है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार बनाने जा रही है। मैं बहुत छोटी उम्र से चुनावी आंकड़े सीख रहा हूं और मैं आपको यह बता रहा हूं कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और फारूक अब्दुल्ला की सरकार कभी नहीं बन सकती।

## राष्ट्रहित में देह समर्पित करने से बेहतर सौभाग्य कुछ नहीं : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिक्किम के पाक्योंग में शहीद हुए मध्यप्रदेश के कटनी जिले के ग्राम हरदुआ निवासी मां भारती के वीर सपूत प्रदीप पटेल की पार्थिव देह को आज खजुराहो एयरपोर्ट पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद श्री पटेल को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए अंतिम बिदाई दी गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्र की सेवा में समर्पित शहीद श्री प्रदीप पटेल के अद्वितीय योगदान एवं समर्पण के लिए यह देश उनका सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीद श्री पटेल के माता-पिता को राज्य शासन की ओर से एक करोड़ रूपए की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। शहीद श्री पटेल अपने परिवार के इकलौते बेटे थे, उनकी बड़ी बहन का विवाह हो चुका है और परिवार में सिर्फ माता-पिता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में राष्ट्रहित में अपनी देह समर्पित करने से बेहतर सौभाग्य कुछ नहीं होता। जन्म-मृत्यु के क्रम में देश पर शहीद होने वालों को विशेष सम्मान के साथ देखा जाता है। राज्य सरकार इस कष्ट के समय में, पीड़ा और आघात की स्थिति से गुजर रहे शहीद के परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के वीर सपूत श्री पटेल पटेल सेना के साथियों के साथ 700 मीटर गहरी खाई में गिरे। दुर्घटना में दुर्भाग्यवश सभी का देवलोक गमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुर्घटना में दिवंगत उनके सभी साथियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर उपस्थित पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार, विधायक छतरपुर श्रीमती ललिता यादव एवं विधायक महाराजपुर श्री कामाख्या प्रताप सिंह सहित जन-प्रतिनिधि अधिकारियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## उप राष्ट्रपति नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की



**चित्रकूट।** उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के आज सतना जिले के चित्रकूट आगमन पर मिनिस्टर इन वेटिंग राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने उनकी अगवानी की। उन्होंने पुष्प-गुच्छ भेंटकर उप राष्ट्रपति का स्वागत किया।

इस मौके पर उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ का उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री श्री अनिल राजवर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण श्री नरेंद्र कश्यप, महापौर सतना श्री योगेश ताम्रकार, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, कमिश्नर रीवा श्री बी.एस. जामोद, आईजी श्री विनीत खन्ना, डीआईजी श्री साकेत प्रकाश पांडे, कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता ने भी हेलीपैड पर पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने चित्रकूट में आरोग्य धाम स्थित भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नाना जी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव श्री अतुल जैन ने उप राष्ट्रपति और उनकी धर्मपत्नी को भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा भेंट की। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ और उनकी धर्मपत्नी ने एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान में अपनी माँ की स्मृति में दीनदयाल शोध संस्थान परिसर में पौधरोपण भी किया। इसके बाद उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ सड़क मार्ग से उत्तर प्रदेश के चित्रकूट स्थित जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने रवाना हुए।

## सीबीआई की फाइनल चार्जशीट- केजरीवाल शराब नीति साजिश में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति घोटाले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने अपनी जांच पूरी कर ली है। जांच एजेंसी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अपनी पांचवी और आखिरी चार्जशीट दाखिल कर दी है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब नीति बनाने और उसे लागू करने की आपराधिक साजिश में शुरू से शामिल थे। वे पहले से ही शराब नीति के प्राइवेटाइजेशन का मन बना चुके थे।

## मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा, 5 की मौत

### घर में घुसकर बुजुर्ग की हत्या, फिर कुकी-मैतेई के बीच फायरिंग में 4 की जान गई

**इंफाल।** मणिपुर में फिर हिंसा भड़क गई है। जिरिबाम में शनिवार को अलग-अलग दो घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, पहली घटना जिला हेडक्वार्टर से करीब सात किलोमीटर दूर हुई। संदिग्ध पहाड़ी उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग को सोते समय गोली मार दी। मृतक की पहचान कुलेंद्र सिंघा के रूप में हुई। वह घर में अकेले रहते थे। दूसरी घटना इसके बाद हुई। इसमें कुकी और मैतेई समुदायों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई। इलाके में सुबह से लगातार गोलीबारी की खबरें आ रही हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है।

इंफाल में मणिपुर राइफल्स हेडक्वार्टर पर हमला, भीड़ ने हथियार लूटने की कोशिश की दूसरी तरफ, इंफाल वेस्ट और इंफाल ईस्ट में शुक्रवार (6 सितंबर) देर रात भीड़ ने मणिपुर राइफल्स हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। गुस्साई भीड़ सुरक्षाबलों से हथियार लूटना चाहती थी। पुलिस ने सीआरपीएफ जवानों के साथ मिलकर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने पैलेट गन से कई राउंड फायरिंग की। मॉक बम और आंसू गैस के गोले भी दागे। सुरक्षाबलों और भीड़ के बीच रातभर संघर्ष चला। 5 लोगों के घायल होने की खबर है। उन्हें जेएनआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक हथियार या गोला-बारूद लूटे जाने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि दोनों जगहों पर हिंसा में मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है।

## रेप-मर्डर केस के आरोपी संजय रॉय की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** कोलकाता की सियालदह कोर्ट ने शुक्रवार (6 सितंबर) को आरजी कर रेप-मर्डर केस के आरोपी संजय रॉय की जमानत याचिका खारिज कर दी। उसे 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा। संजय पर ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर का आरोप है। उसे 9 अगस्त को घटना वाले दिन की गिरफ्तार किया गया था।

कोर्ट में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट पामेला गुप्ता ने सुनवाई की। संजय का केस कविता सरकार लड़ रही हैं।

## मप्र-राजस्थान समेत 28 राज्यों में आज तेज बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने शनिवार (7 सितंबर) को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित 28 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट है।

राजस्थान के कई शहरों में शुक्रवार (6 सितंबर) को रिकॉर्ड बारिश हुई। अजमेर में 1995 के बाद बाढ़ जैसे हालात नजर आए। 25 से ज्यादा स्कूलों में बच्चे फंस गए। सड़कों पर 3-4 फीट पानी के बीच उनका रेस्क्यू किया गया। आज स्कूल बंद हैं। अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भी पानी घुस गया। राजसमंद जिले में सड़कें-पुल नदियों में बदल गईं। एक पुल को पार करते समय चार लोगों को ले जा रही एक कार तेज बहाव में बह गई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने सभी लोगों का रेस्क्यू किया।

8 सितंबर को 18 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने 8 सितंबर को राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, करेल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, झारखंड में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## असम में आधार के लिए एनआरसी रसीद जरूरी




**गुवाहाटी।** असम में अब सभी नए आधार कार्ड आवेदकों को अपने नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स आवेदन की रसीद नंबर जमा करनी होगी। यह घोषणा शनिवार (7 सितंबर) को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने की है। उन्होंने कहा कि राज्य में इस कदम से अवैध घुसपैठियों को रोकने में मदद मिलेगी।

राज्य में 1 अक्टूबर से नई प्रक्रिया लागू की जाएगी। इसमें चाय बागान क्षेत्रों को छूट मिलेगी। हालांकि, जिन 9.55 लाख लोगों की बायोमेट्रिक जानकारी एनआरसी प्रक्रिया के दौरान लॉक कर दी गई थी, उन्हें इस नियम से नहीं गुजरना पड़ेगा। सीएम ने बताया कि धुबरी जिले में आबादी से ज्यादा आधार कार्ड जारी किए गए थे। ऐसे में आशंका है कि कुछ संदिग्ध लोगों को भी आधार कार्ड मिला हो। इसी के बाद यह कदम उठाया गया है। असम में इस साल 54 अवैध प्रवासी मिले जनवरी 2024 से अब तक राज्य में 54 अवैध प्रवासियों की पहचान की गई है, जिनमें से अधिकांश करीमगंज, बोगाईगांव, हाफलोंग और धुबरी जिलों में पाए गए हैं। इनमें से 45 लोगों को उनके देश वापस भेज दिया गया है, जबकि 9 को करीमगंज में गिरफ्तार किया गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से हो रहे अवैध प्रवास को रोकने के लिए पुलिस और बीएसएफ को कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत सीमा से लगे जिलों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की जाएगी। साथ ही सीमा चौकियों पर गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय लोगों को भी जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि वे संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी दे सकें।

असम में 43 साल में पकड़े गए 47,900 विदेशी घुसपैठिए असम में सीमा पार से घुसपैठियों कि संख्या लगातार बढ़ रही है।

## केंद्र सरकार ने पूजा खेडकर की सेवा समाप्त की



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार (7 सितंबर) को पूर्व ट्रेनी आईएएस अफसर पूजा खेडकर को भारतीय प्रशासनिक सेवा से तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया। उनके खिलाफ ये एक्शन आईएएस (परिवीक्षा) नियम, 1954 के नियम 12 के तहत लिया गया है।

पूजा 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस थीं। उन्हें सीएसई-2022 में 841वीं रैंक मिली थी। वे जून 2024 से ट्रेनिंग कर रही थीं। उन पर आरोप है कि उन्होंने रिजर्वेशन का फायदा उठाने के लिए सिविल सर्विस एग्जाम 2022 में खुद से जुड़ी गलत जानकारी दी थी। यूपीएससी ने अपनी जांच में पूजा को दोषी पाया था। इसके बाद 31 जुलाई को पूजा का सिलेक्शन रद्द कर दिया गया। पूजा पर उम्र, माता-पिता की गलत जानकारी, पहचान बदलकर तय सीमा से ज्यादा बार सिविल सर्विसेस का एग्जाम देने का आरोप था।

## पीएम मोदी ने नेशनल टीचर अवार्ड विनर्स से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल टीचर्स अवार्ड विनर्स से मुलाकात की। इस साल 82 शिक्षकों को यह अवार्ड दिया जाएगा। पीएम ने कहा- आज के युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने में टीचर्स की अहम जिम्मेदारी है। मोदी ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर भी चर्चा की। इस दौरान तमिलनाडु से आई एक टीचर ने बताया कि, उनके इलाके में कई लोग लोकल लैंग्वेज में पढ़ना चाहते हैं। इस पर पीएम ने कहा- हमारे बीच तो यही भ्रम है कि तमिलनाडु में सब इंग्लिश जानते होंगे। इसीलिए नई शिक्षा नीति में मातृ भाषा पर जोर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने टीचर्स को अवार्ड दिया था राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 5 सितंबर को देशभर के 82 शिक्षकों को यह अवार्ड दिया था।

## सुनीता विलियम्स के बिना स्पेसक्राफ्ट धरती पर लौटा

**नई दिल्ली।** एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुश विलमोर को स्पेस स्टेशन ले जाने वाला स्पेस क्राफ्ट 3 महीने बाद धरती पर सुरक्षित लैंड हो गया है। 3 बड़े पैराशूट और एयरबैग की मदद से इसकी लैंडिंग हुई। नासा के मुताबिक स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार सुबह 3:30 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अलग हुआ था। इसको धरती पर आने में करीब 6 घंटे लगे।

स्टारलाइनर ने 9 बजकर 15 मिनट पर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। तब इसकी गति करीब 2,735 किमी प्रति घंटा थी। यह सुबह 9 बजकर 32 मिनट पर अमेरिका में न्यू मैक्सिको के व्हॉइट सैंड स्पेस हॉर्बर (रेगिस्तान) में लैंड हुआ। बोइंग कंपनी ने नासा के लिए यह स्पेसक्राफ्ट बनाया है। 5 जून को सुनीता और बुच को इससे आईएसएस पर भेजा गया था। यह सिर्फ 8 दिन का मिशन था, लेकिन इसके सुरक्षित लौटने पर कई तरह की आशंकाएं थीं।

स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी दिक्कतों और हीलियम गैस के रिसाव की जानकारी सामने आई थी। नासा ने 24 अगस्त को बताया था कि स्टारलाइनर में सेफ्टी इश्यूज की वजह से बुच और सुनीता को इससे वापस धरती पर नहीं लाया जाएगा। स्पेसक्राफ्ट खाली ही वापस लौटेगा। जबकि सुनीता और बुच को इलॉन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स के क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लाया जाएगा। नासा और बोइंग के बीच विवाद की अटकलें सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक स्टारलाइनर की वापसी और इससे जुड़े अपडेट को लेकर नासा ने सुबह 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बोइंग का कोई प्रतिनिधि नहीं था।

## एशिया की सबसे विशाल प्रतिमा, बड़ा गणपति नाम पड़ा



**इंदौर।** गणेशोत्सव शुरू होते ही इंदौर के बड़ा गणपति मंदिर पर भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। 119 साल पुरानी 25 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा को सजाने में 15 दिन का समय लगता है। सवा मन शुद्ध देशी घी (14 किलो) और 25 किलो सिंदूर से एशिया के सबसे बड़े गणपति का श्रंगार होता है। 25 फीट ऊंची और 14 फीट चौड़ी मूर्ति को 11 ब्राह्मणों द्वारा चोला चढ़ाया जाता है। यह मूर्ति हीरा, मोती, पुखराज, माणिक से बनाई गई है। प्रतिमा के निर्माण में सभी तीर्थ नदियों के जल का उपयोग किया गया था। मूर्ति चार फीट ऊंचे चबूतरे पर विराजित है। भगवान की 25 फीट की मूर्ति को सवा मन घी और सिंदूर का चोला चढ़ाया जाता है। साल में 4 बार श्रृंगार होता है। मंदिर के रख-रखाव की जिम्मेदारी नारायण दाधीच की तीसरी पीढ़ी के पं. धनेश्वर दाधीच देख रहे हैं। मंदिर बड़ा गणपति चौराहे पर स्थित है। माना जाता है कि एशिया में यह सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा है। इस प्रतिमा को बनाने में करीब तीन साल का समय लगा था और इसका निर्माण कार्य 17 जनवरी 1901 को पूरा हुआ। भगवान की मूर्ति को सवा मन घी और सिंदूर का चोला चढ़ाया जाता है। मंदिर के पुजारी पंडित प्रमोद दाधीच, राकेश दाधीच, राजेश दाधीच बताते हैं कि इंदौर के अतिप्राचीन मंदिर बड़ा गणपति का इतिहास एक स्वप्न से जुड़ा हुआ है। मंदिर में इन दिनों गणेशोत्सव की धूम है। मंदिर की आधारशिला के पीछे भी एक रोचक कहानी है। गणेश जी के अनन्य भक्त स्व. पं. नारायण दाधीच को एक स्वप्न आया। भगवान गणेश ने नारायण को ऐसी ही मूर्ति के रूप में दर्शन दिए थे। स्वप्न की घटना के बाद ही इस भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। भगवान गणेश की 25 फीट ऊंची प्रतिमा के रूप में दर्शन देते हैं।

इस प्रतिमा को बनाने के लिए अलग-अलग धातुओं का प्रयोग किया गया है। कान, हाथ और सूंड तांबे से बने हैं और पैरों के लिए लोहे के सरियों का इस्तेमाल हुआ है। मुख के लिए सोने और चांदी का उपयोग किया गया है। प्रतिमा को बनाने में तीर्थ स्थानों का जल लिया गया है। इसमें काशी, अवंतिका, अयोध्या और मथुरा की मिट्टी के साथ घुड़साल, हाथीखाना, गौशाला की मिट्टी ली गई है। रत्नों में हीरा पन्ना, पुखराज, मोती, माणिक के साथ ईंट, बालू, चूना और मेथी के दाने के मसाले का इस्तेमाल किया गया है।

मंदिर के पुजारी बताते हैं कि भगवान गणेश जी को साल में चार बार यह चोला चढ़ाया जाता है। चोले में सवा मन घी और सिंदूर का उपयोग किया जाता है। उनके श्रृंगार में करीब 15 दिन का समय लगता है। जिसमें भाद्रपद सुदी चतुर्थी, कार्तिक बदी चतुर्थी, माघ बदी चतुर्थी और बैशाख सुदी चतुर्थी पर चोला और सुंदर वस्त्रों से श्रृंगार किया जाता है।

# कार्यपालन यंत्री के दबाव में कमिश्नर ने पाइप लाइन घोटाले की एमआईसी को नहीं दी नस्ती ?




**सिंगरौली।** नगर निगम के कार्यपालन यंत्री खुद को बचाने के लिए हर रोज नए पैंतरे अपना रहें हैं। वह अब राजनीति का दबाव और संयम के साथ दांव खेलते हुए बैंक फुट पर नजर आ रहे हैं। हां उनका साथ कमिश्नर डीके शर्मा बखूबी दे रहे हैं शायद उन्हें भी डर सता रहा है कि सिंगरौली के सियासत में कहीं उनको ना नुकसान उठाना पड़ जाए। शायद इसीलिए उन्होंने कार्यपालन यंत्री का साथ देने में अपनी भलाई मान रहे हैं। तो वहीं प्रेशर पॉलिटिक्स के जरिए माननीय पाइपलाइन घोटाले के कार्यवाही से बचने के लिए वह सारे हथकंडे अपना रहे हैं जो एक कुशल राजनीति के अधिकारी करते हैं।

दरअसल शिवाजी कांप्लेक्स में हुए 38 लाख के पाइपलाइन घोटाले में परिषद के दबाव में भले ही कमिश्नर ने ईई, एसडीओ, सहित उपयंत्री पर कार्यवाही कर दी है लेकिन परिषद में कमिश्नर ने यह भी कहा था कार्यपालन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। लिहाजा वह पाइपलाइन घोटाले कि नस्ती एमआईसीसी को देंगे और एमआईसी ही इन घोटाले बाज अधिकारियों पर कार्रवाई करेंगी। लेकिन अब जब एमआईसीसी की बैठक हुई तो शिवाजी कांप्लेक्स घोटाले की नस्ती एमआईसी तक पहुंची हीं नहीं। चर्चा है कि पाइपलाइन घोटाले में कार्यपालन यंत्री ने सियासत के दो दांव बेहद सधे हुए तरीके से खेले। दबाव और संयम दांव। एमआईसी बैठक के दिन सुबह से दोपहर होते-होते इन्हीं के इर्द-गिर्द राजनीति चलती रही। आखिरकार इनके दांव की बदौलत कमिश्नर ने मेयर इन काउंसलिंग की साधारण बैठक में शिवाजी कांप्लेक्स पाइपलाइन घोटाले की नस्ती को कार्यवाही में नहीं लिया। वहीं मेयर इन काउंसलिंग के एक भी सदस्य द्वारा घोटाले की फ़ाइल का जिक्र नहीं करना कई सवाल खड़े कर रहा है।

## ईई ने चला संयम और दबाव का दांव

चर्चा है कि 38 लाख के पाइपलाइन घोटाले में कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय विक्टिम है लेकिन एमआईसी सदस्यों को कमरे में बैठाया गया साथ यह कहा गया कि जल्द ही पाइपलाइन घोटाले की नस्ती भी कार्यवाही मे मिल जाएगी। जो भी सदस्य अगर घोटाले की नस्ती पूछने की कोशिश करता तो उसे कह दिया जाता संयम रखें सब बता दिया जाएगा। यानी पार्षदों के साथ संयम का दाव चला। शाम तक सदस्यों को कुछ नहीं बताया गया। लेकिन इसी बीच कार्यपालन यंत्री ने दबाव का ऐसा दांव चला कि मेयर सहित एमआईसीसी सदस्यों ने शिवाजी कांप्लेक्स घोटाले की नस्ती को भूल गए। ऐसे में अब चर्चा है कि ईई ने प्रेशर पॉलिटिक्स का ऐसा दांव चला कि मेयर इन काउंसलिंग चारों खाने चित हों गए या फिर आने वाले बैठक में नस्ती को एमआईसीसी में पेश किया जाएगा।

## इनका कहना है

*शिवाजी कांप्लेक्स घोटाले की नस्ती एमआईसीसी को नहीं मिलीं हैं, अगली बैठक में घोटाले की नस्ती मगाई जाएंगी, और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी।*

**रानी अग्रवाल, महापौर**
**नगर पालिक निगम सिंगरौली**

# कृषि विज्ञान केन्द्र देवरा में कलेक्टर ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण



**सिंगरौली**

एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है । एक पेड़ मां के नाम अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा। इसी को चरितार्थ करने के लिए कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र देवरा में पौधा रोपण किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र देवरा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनमन योजना के कार्य में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं लाने पर कलेक्टर ने लगाई फटकार

## नोडल अधिकारी प्रति दिवस प्रगति की जानकारी दिया जाना सुनिश्चित करें : शुक्ला



**सिंगरौली**

जन मन योजना के तहत चयनित हितग्राहियों का शतप्रतिशत आधार कार्ड, समग्र आई डी, आयुष्मान कार्ड, आदि कैंप आयोजित कर तैयार कराए जा रहे है । जिसकी प्रगति की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने विकास खंडवार बैगा बस्तियों में चल रहे कैंपों में तैयार किए जा रहे हितग्राही मूलक विभिन्न बिन्दुओं की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि प्रति दिवस के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उस के अनुरूप सभी अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करें और अपने दिए गए लक्ष्यों को पूर्ण करें।

उन्होंने सभी बीएमओ को हितग्राही मूलक योजनाओं से वंचित बैगा समाज की सूची तैयार कर उन्हें उचित समय में उन योजनाओं का लाभ दिलवाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि सभी बीएमओ अपने क्षेत्रांतर्गत सभी बैगा बसाहटों में नियमित शिविरों का आयोजन कर इन शिविरों में क्षेत्र से संबंधित आशा कार्यकर्ताओं, पटवारियों , सरपंचों सचिवों ,सहायक सचिवों के मध्यम से बैगा जनजाति को हितग्राही मूलक योजनाओं से आवश्यक रूप से लाभान्वित करें। इन बसाहटों में आयोजित शिविरों में हुए कार्यों की समीक्षा हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए निर्देश दिए है की नोडल अधिकारी प्रगति के प्रतिवेदन अपने स्तर से दिया जाना सुनिश्चित करेंगे यादि निर्धारित लक्ष्य में प्रगति नहीं पाए गई तो शिविर कार्यों में लगे अधिकारियों के साथ साथ नोडल अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्यवाही की जायेगी ।

# ब्राइट एकेडमी के डायरेक्टर रितेश शाह दिल्ली में सम्मानित



**सिंगरौली।** बरगवां मोखा में संचालित ब्राइट एकेडमी स्कूल के डायरेक्टर रितेश शाह को शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर आदिलीला फाउंडेशन के चेयरमैन ने दिल्ली में आयोजित समारोह में बेस्ट शिक्षक अवार्ड देकर सम्मानित किया है।

जानकारी के अनुसार मोखा बरगवां में संचालित ब्राइट एकेडमी स्कूल के संचालक एवं समाजसेवी रितेश शाह को आदिलीला फाउंडेशन नई दिल्ली के चेयरमैन डॉ. एस आदिनारायना ने बेस्ट शिक्षक को अवार्ड देकर स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया है। रितेश को शिक्षा और समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर यह अवार्ड शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में उक्त फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में दिया गया। रितेश के अवार्ड एवं सम्मान मिलने पर उक्त विद्यालय के शिक्षकों एवं उनके मित्रों , रिश्तेदारों तथा शुभचिंतको ने खुशी जाहिर की है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में गणेश चतुर्थी पर गणेशोत्सव की गई शुरुआत



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के मंदिर प्रांगण में गणेश चतुर्थी के अवसर पर परियोजना के पूजा समिति द्वारा गणेशोत्सव का शुभारांभ विधि-विधान से गणेशजी की मूर्ति स्थापना कर किया गया। इस बार गणेश उत्सव के अवसर पर पुजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है , जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षिक कर रही है। पूरा मंदिर प्रांगण रोशनी से जगमगा रहा है। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, , मानव संसाधन प्रमुख राकेश अरोड़ा एवं सभी महाप्रबंधकगणों द्वारा पूजा व आरती कर गणेशजी पर पुष्प अर्पण किया गया।गणेशजी की स्थापना के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने गणेशजी पर पुष्प अर्पण किया तथा आरती मे भाग लेकर गणेशजी की पूजा अर्चना की। इस वर्ष गणेशोत्सव 7 सितंबर से 16 सितंबर तक बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे-फ़ैन्सी ड्रेस, नृत्य, रंगोली, शंखनाद, चित्रकला प्रतियोगिता, लड्डू खाना प्रतियोगिता, पुजा की थाली सजावट प्रतियोगिता, गीत-गायन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्री प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए गणेश पुजा समिति का गठन किया गया है, जिसमें डीके अग्रवाल (अध्यक्ष), संदीप कोहली (उपाध्यक्ष) पंकज पांडेय व विशाल गोयल (कोषाध्यक्ष), तनुज कुमार (सचिव) एवं वेद प्रकाश (सयुंक्त सचिव) है। जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस अवसर पर भारी संख्या में एनटीपीसी के अधिकारी ,कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य तथा पूजा कमेटी के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# विभागीय अधिकारी एल 1 लेबल पर ही प्राथमिकता से कराये शिकायतो का निराकरण: गुप्ता

**सिंगरौली।** अपर कलेक्टर पीके सेन गुप्ता ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा करें। शिकायतकर्ता से संपर्क कर शिकायत की वास्तविक स्थिति के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराए। कोई भी शिकायत अन-अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए।उन्होंनें निर्देश दिये कि विभाग प्रमुख 50 दिवस, 100 दिवस से अधिक समय से लॅबित शिकायतों की स्वयं निगरानी रखें तथा शिकायतों की संख्या के आधार पर आवश्यक प्रक्रियात्मक सुधार करें जिससे शिकायतों की संख्या में कमी आए। उन्होने निर्देश दिये कि अधिकारी यह सुनिश्चित करे शिकायतो का निराकरण एल1 लेबल पर ही कर दिया जाये। तथा यह भी देखे कि शिकायत जिस माह में हुई है उसका निराकरण उसी माह में किया जाये।बैठक के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी, सीएमएचओ एनके जैन, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी , कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संतोष चौरसिया, सहकारिता अधिकारी पी.के मिश्रा, नगर निगम के अधिकारी व्हीपी उपाध्याय, एलडीएम नितिन पटेल, लोक सेवा प्रबंधक रमेश पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस चौकी खुटार ने अनैतिक कार्य करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पीएस परस्ते व कोतवाली प्रभारी अशोक सिंह परिहार के सतत निगरानी में चौकी प्रभारी खुटार सुधाकर सिंह परिहार द्वारा नाबालिग के साथ जबरन अनैतिक कार्य करने वाले आरोपी को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया ।

जानकारी मे बताया गया कि फरियादिया अपने माता-पिता के साथ थाना उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट की कि इसके पड़ोस का आकाश शाह अपने प्रेमजाल में फंसाकर बोला कि तुम मुझसे बात करो तुमसे मैं शादी करूंगा तथा बीते 13 अप्रेल 2024 से आरोपी लगातार इसके साथ जबरन अनैतिक कार्य करने लगा। जिससे फरियादिया को 4 माह का गर्भ भी हो गया है। गर्भ के बारे में पता चलने पर आकाश शाह ने फरियादिया से शादी करने से इंकार कर दिया तब फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना बैढ़न में अप. क्र. 1211/24 धारा 363, 366, 376(2) (एन), 376 (3) भादवि, 64(2) (एम), 351(2) बीएनएस 3,4(2), 5(1), 6 पॉक्सो एक्ट का कायम किया जाकर दौरान विवेचना आरोपी आकाश शाह पिता जैतलाल शाह उम्र 19 वर्ष नि. खुटार थाना बैढ़न को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय बैढ़न पेश किया गया है जिसे न्यायालय के आदेश से जिला जेल पचौर दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही मे उनि. सुधाकर सिंह, सउनि. राजेश मिश्रा, प्रआर गणेश मीणा, राय सिंह, आर. विकर्ण प्रताप सिंह, उमेश अहिरवार, प्रदीप राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कांग्रेस पार्टी का 9 को देवसर मे धरना प्रदर्शन

**सिंगरौली।** सोमवार 9 सितंबर 2024 को पूर्व मंत्री ,सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल के नेतृत्व में तथा अध्यक्ष जिला पंचायत सिंगरौली सुश्री सोनम सिंह ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय (ग्रामीण) ज्ञानेंद्र द्विवेदी (शहर) अरविंद सिंह चंदेल के विशेष उपस्थिति मे जिले भर में व्याप्त अन्याय, अत्याचार तथा किसान समस्या, बिजली के बिल, कानून व्यवस्था, प्रशासनीक भ्रष्टाचार , जिले में बढ़ रहे उद्योगों में विस्थापितों, भूमि स्वामियों के हित में 2013 के विस्थापन नीति का पालन करने ,भू माफियाओं, खनिज माफियाओं, वन भूमि का पट्टा , लाडली बहना योजना में पात्र नए सदस्यों को जोड़ने, प्रधान मंत्री आवास योजना में पात्र लोगों के नाम जोड़ने,गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, आवारा पशुओं , गौ माताओं की समुचित व्यवस्था, देवसर बजार में नाली की समुचित व्यवस्था, युवाओं को रोजगार, कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार सहित अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवसर द्वारा सोमवार 9 सितंबर 2024 को 12:00 दिन से देवसर कार्यालय के समक्ष विशाल धरना , प्रदर्शन तथा एसडीएम को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त धरना, प्रदर्शन में अपना मार्गदर्शन देने के लिए जिले के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी ,जिला कांग्रेस पदाधिकारी एवम जिले के वरिष्ट कांग्रेस नेता उपस्थित रहेंगे। सभी किसान, मजदूर , ग्रामीण ,गरीब, युवा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कांग्रेस नेता एवम पदाधिकारी ,कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से सोमवार 9 सितंबर 2024 को 12:00 दिन पूर्व विधायक कांग्रेस कार्यालय पश्चिमी बाईपास पर अपने अधिक से अधिक साथियों के साथ उपस्थित होकर धरना, प्रदर्शन को सफल बनाने की ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जोखन सिंह द्वारा अपील की गई है।

# बुलेट बाइक पर मॉडीफाई साइलेंसर लगाने वालों के विरुद्ध यातायात पुलिस की कार्यवाही



**सिंगरौली।** श्रीमती निवेदिता गुप्ता पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एंव पीएस परस्ते सीएसपी विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन में में यातायात प्रभारी विद्यावारिधी तिवारी द्वारा बुलेट बाइक पर मॉडीफाई साइलेंसर लगाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में तेज आवाज में चलने वाले बुलेट चालकों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिसके पालन में बीते 6 सितंबर को शहर के विभिन्न स्थानों पर यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग लगाकर 13 बुलेट मोटरसाइकिल जिसमे मॉडिफाई साइलेंसर लगवा कर शहर के अंदर तेज आवाज में चलने वाले चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही के साथ मॉडीफाई सांइलेसर निकलवाने की कार्यवाही की गई। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में इनफिल्ड व अन्य कंपानियों के बुलेट मोटरसाईकल में कंपनी की ओर से लगाये गए मानक ध्वनि सीमा के साइलेंसर को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बुलेट के साइलेंसर के साथ छेड़छाड़ व माडिफाई करते हुये उसकी ध्वनि को तेज व कर्कश करते हुये तेज गति से सड़क पर चलाया जा रहा है। इससे बुलेट चालको द्वारा ध्वनि प्रदूषण फैलाने के साथ-साथ आम राहगीरो को परेशानी में डाला जा रहा है। इस प्रकार की कर्कश आवाज से दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है। जिस क्षेत्र की सड़क पर ऐसे कर्कश ध्वनि वाले साइलेसर से निकलने वाली आवाज के बुलेट व वाइक मिलती है तो ऐसे चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए और ध्वनि प्रदूषण व मोटर व्हीकल अधिनियम की धाराओं तहत कार्यवाही की जावेगी।

# सिक्कल कम्पनी राज्य सरकार को लगा रही करोड़ों रुपए का चूना

## अमलोरी जीएम पर भी लगा आरोप, फिटनेस, कमर्शियल टैक्स, परमिट टैक्स जमा किये बिना बेच दी 45 वोल्वो टिपर

**सिंगरौली**

मोहन सरकार को एनसीएल अमलोरी जीएम और सिक्कल कंपनी कबाड़ी के साथ मिलकर करोड़ों रुपए टैक्स का चूना लगा रहें है। चर्चा है कि एनसीएल अमलोरी जीएम के इशारे में जय मां ज्वालामुखी आयरन स्क्रैप सप्लायर ओवी कम्पनी के सूनसान एरिया में 60 वोल्वो टिपर सहित कई मशीनरी काट कर स्क्रैप बना रहा है। जबकि इन सभी वाहनों के करीब 3 साल के टैक्स नहीं जमा किए गए हैं। हालांकि इस मामले की शिकायत अब एसपी निवेदिता गुप्ता से होने के बाद एनसीएल अमलोरी परियोजना में हड़कंप मचा है। अब कबाड़ी मध्य प्रदेश मोटरयान कर चुकाए बिना 95 वाहनों को कटवाकर स्क्रैप के भाव कबाड़ी को बेच देने के मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू मुख्यालय के संज्ञान में आ जाने से अधिकारी सख्ते में है। वहीं आज सुबह से कबाड़ी और जीएम की मुलाकात को लेकर चर्चा है कि स्क्रैप को यूपी पहुंचने के लिए मोल भाव किया जा रहा है। गौरतलब है कि एनसीएल अमलोरी परियोजना में ओवी हटाने का काम कर रही स्किक्ल कम्पनी उड़ीसा से करीब 60 वोल्वो टिप्पर वाहन लेकर सिंगरौली के अमलोरी खदान में मिट्टी निकालने का काम कर रही थी। सूत्रों का दावा है कि 47 वोल्वो टिप्पर वाहनों पर तीन साल के करीब 6 करोड़ रुपए का टैक्स बकाया था। लेकिन कंपनी ने बिना टैक्स चुकाए चोरी छुपे जय मां ज्वालामुखी आयरन स्क्रैप सप्लायर को स्क्रैप में बेच दिया। सूत्रों की माने तो वोल्वो टिप्पर का टैक्स बकाया है इस बात की जानकारी अमलोरी जीएम आलोक कुमार को भी थी बावजूद इसके गाड़ियों को कबाड़ी को इस शर्त पर वर्क आर्डर जारी किया गया कि किसी भी तरह के आरटीओ पुलिस या फिर लोकल इशू होंगे इसका निपटारा भी जय मां ज्वालामुखी आयरन स्क्रैप सप्लायर की होंगी। हालांकि अब जब इस मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू से हो गई है ऐसे में माना जा रहा है कि अब अमलोरी जीएम, सिक्कल कम्पनी के अधिकारी सहित कबाड़ी कार्यवाही के जद में आएंगे और कई बड़े खुलासें होंगे।

### इन मशीनरी को स्क्रैप में बेचा

बताया जा रहा है कि सिक्कल कम्पनी ने एक्स्कवेटर 15 , वोल्वो टिप्पर -62, डोजर -5, मोटर ग्रेडर -2, पेलोडर-3, डीजल टैंकर-1, वॉटर टैंकर-7 मशीनरी को स्क्रैप में बेचा गया है। सूत्रों की माने तो स्किक्ल कम्पनी उड़ीसा से 45 वोल्वो टिप्पर लाया था जिसका फिटनेस, कमर्शियल टैक्स, परमिट का टैक्स नहीं जमा किया था। अब सभी गाड़ियों को यूपी के कबाड़ी को स्क्रैप में बेच दिया हैं। वहीं खड़िया का कबाड़ी गाड़ियों को स्क्रैप के भाव खरीद कर बिना टैक्स जमा किये गाड़ियों को अमलोरी परियोजना के ओवी के सूनसान जगह में ग्लेंडर मशीन के जरिए काट कर यूपी ले जाने की तैयारी में है।

### वाहन तोड़ने के यह है नियम

टैक्स शासन के नियमानुसार यदि कोई वाहन व्यावसायिक उपयोग का है तो वाहन फिटनेस कमर्शियल टैक्स, परमिट का पैसा आदि अनुमति प्राप्त करने की तिथि तक परिवहन विभाग को अदा करना होता है। जिसके उपरांत पुराने कंडम वाहन को तोडने से पहले उसकी अनुमति परिवहन विभाग से प्राप्त करना होती है। जिसके लिए सबसे पहले पंजीयन विभाग में आरसी की प्रति के साथ एक आवेदन देना होता है। आवेदन प्राप्त होने के बाद परिवहन विभाग उक्त गाडी का निरीक्षण कर वाहन तोडने की अनुमति देता है।

# भनमारी पंचायत में अव्यवस्थाओं के आलम से परेशान ग्रामवासी

## सरपंच-सचिव की मनमानी से आम जनता हो गई तंग, लोगों को नहीं मिल रही सुविधाएं




**सीधी।** जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत भनमारी में अव्यवस्थाओं का आलम बना हुआ है। यहां तक कि सरपंच एवं सचिव सहित रोजगार सहायक की मनमानी को लेकर पंचायत के कई लोगों द्वारा विरोध करने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है। सरकारी योजनाओं के नाम पर भी लंबा घोटाला पंचायत में होने की जानकारी मिली है। ऐसे में जांच की जाए तो भ्रष्टाचार की हद पार करने वालों पर कार्यवाही की गाज गिर सकती है।

मालूम हो कि इसी पंचायत अंतर्गत खेत बंधान सहित अन्य योजनाओं में भ्रष्टाचार कराने वाले एसडीओ अरुण कुमार द्विवेदी लिप्त थे। जिन्हें कि निलंबित कर भोपाल में अटैच किया गया है। पंचायत में सरंपच की तानाशाही रवैया अलग ही देखने को मिलती है। वहीं रोजगार सहायक भी तानाशाह बने हुए हैं। जिस वजह से पंचायत में विकास के काम रुके हुए हैं।

### प्राचार्य ने पंचायत के खिलाफ किया शिकायत

बड़ा मामला तो यह है कि शासकीय हाई स्कूल फुलवारी के प्राचार्य मुंद्रिका शुक्ला खुद पंचायत के खिलाफ शिकायत कर चुके हैं। जिन्होने उल्लेखित किया है कि स्कूल प्रांगण में रात में शराबियों का जमावड़ा रहता है। बोतलें फेंक देते हैं। जिससे बच्चों को भी परेशानी होती है। आखिर उनका बेटा वेदप्रकाश शुक्ला खुद रोजगार सहायक है यदि पंचायत सरपंच एवं रोजगार सहायक द्वारा पुलिस को शिकायत की जाती तो गांव में अवैध शराब की बिक्री रुक सकती है। तब स्कूल में शराबियों का आतंक न होता। लेकिन इस पर पाबंदी न लगाने की वजह से प्राचार्य मुंद्रिका द्वारा इसकीय शिकायत भी कर चुके हैं।

आवास योजना के नाम पर पिता का नाम बदलकर दूसरे के नाम पर राशि आहरित करने के आरोप में सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक पर भी आपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए। वहीं राशि आहरित करने वाले सुखेन्द्र द्विवेदी पिता गयादीन द्विवेदी के नाम पर भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हो। जिन्होने दूसरे सुखेन्द्र द्विवेदी पिता रमाकांत द्विवेदी के नाम पर राशि आहरित कर आवास बना लिया। इतना ही नहीं सुखेन्द्र द्विवेदी पिता गयादीन द्विवेदी प्रायवेट कंपनी में दूसरे राज्य में काम करते हैं इसके बाद भी वर्ष 2021 में सुखेन्द्र एवं उनकी पत्नी उर्मिला के नाम पर 2702 एवं 2702 रुपए वहीं सुखेन्द्र द्विवेदी 2856 1 दिसंबर 2022 तथा उर्मिला एवं सुखेन्द्र द्विवेदी 15 अगस्त 2023 के नाम पर 3556-3556 की राशि आहरित कर कुल 15 हजार 372 रुपए मजदूरी की भी राशि भुगतान किए हैं। ऐसे में सुखेन्द्र द्विवेदी पर भी आपराधिक प्रकरण दर्ज होने सहित राशि वसूली की कार्यवाही होनी चाहिए।

### शौंचालय बना लेकिन नही खुलता ताला



भनमारी पंचायत में शौंचालय बना है लेकिन ताला नहीं खुलता है। हालात यह है कि पंचायत भवन का भी लंबे अरसे से ताला नहीं खुल रहा है। इन सबके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी भी कार्यवाही करने से परहेज कर रहे हैं। जिस वजह से ग्रामीण जनों द्वारा विरोध किया जा रहा है परंतु इस मामले में भी सरपंच एवं सचिव द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए ताला तक नहीं खोला जा रहा।

## पूजा पार्क में श्रीमद्भागवत कथा आरंभ

**सीधी।** शहर के पूजा पार्क में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज शाम से हुआ। कथाव्यास श्री धर्ममानस जी महराज श्री अयोध्याधाम के मुखारविंदों से कथा की रसवर्षा हो रही है। यज्ञाधीश श्री विजय दास जी महराज श्री अयोध्या धाम हैं। आज प्रथम दिन श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म की कथा पर प्रवचन किया गया। 8 सितंबर को परीक्षित श्राप की कथा और सुखदेव आगवन पर प्रवचन होगा। 9 सितंबर को शिव चरित्र एवं ध्रुव चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। 10 सितंबर को श्री राम जन्म एवं कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन होगा। 11 सितंबर को भगवान की बाल लीला और गोवर्धन पर प्रवचन होगा। 12 सितंबर को रुक्मणी कृष्ण विवाह की कथा होगी। 13 सितंबर को सुदामा चरित्र के साथ कथा का विश्राम होगा। 13 सितंबर तक प्रति दिन अपरान्ह 3 बजे से कथा चलेगी। ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं से पहुंचने की अपेक्षा की गई है।

# पीएम जनमन सेचुरेशन कैम्प का हुआ आयोजन

## कैंप के माध्यम से लोगों को दी जा रही है जानकारी



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार 23 अगस्त से सीधी जिले के पीवीजीटी ग्रामों में अनवरत कैम्प लगाये जा रहे हैं। आईईसी कैम्पेनिंग के तहत पीएम जनमन इन्टरवेंशन कार्ड वितरित किये जा रहे हैं, जिसमें 9 विभागों की 11 सेवाओं के अतिरिक्त केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं तथा हितग्राही मूलक योजनाओं को रेखांकित किया गया है। इसके अतिरिक्त दीवार लेखन के माध्यम से भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। शुक्रवार को जिले के कुसमी विकास खंड के गाजर, कोटा, खोखरा, मझौली विकासखंड के सेधवा, बोदारी टोला, रामपुर नैकिन विकास खंड के कुशमहर चरकी तथा सिहावल विकास खंड के डोल में कैम्प लगाया गया, जहां पर बैगा जनजाति के लोग उपस्थित हुए। योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार से कैम्पों में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। कैम्पों में आधार आपरेटर, आशा कार्यकर्ता, सचिव/रोजगार सहायक, नोडल अधीक्षक के अतिरिक्त सिकल सेल टेस्टिंग की टीम भी उपस्थित थी।

# मनोज चौहान बने एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव

**सीधी।** किसी भी क्षेत्र में निष्ठा और ईमानदारी के साथ निरंतर प्रयास से सफलता अंतत: एक दिन अवश्य मिलती ही है, कई बार लक्ष्य बड़ा होने पर जरा वक्त जरूर लगता है पर उसके लिए निरंतर निष्ठा और साहस के साथ शांति प्रिय तरीके का धैर्य भी परम आवश्यक है। बात यदि राजनीति के क्षेत्र की हो तो इसके मैदान में तो धैर्य, निष्ठा, लगन, कठोर परिश्रम, विश्वसनीयता और इसके निरंतरता ही की सबसे अधिक कठोर परीक्षाएं देनी पड़ती हैं। हम बात यहां राजनीति के क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के उस युवा चेहरे मनोज चौहान की कर रहे हैं जिनको हाल ही में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तरफ़ से राष्ट्रीय सचिव जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी का पद सौंपा गया है। इसके साथ-साथ उन्हें हरियाणा का प्रभारी जैसा महत्वपूर्ण दायित्व भी सौंपा गया है। जिला मुख्यालय के दक्षिण करौंदिया, मुठिगवां से ताल्लुक रखने वाले मनोज चौहान ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अपने एलएलबी की पढ़ाई के दौरान वर्ष 2003 में एनएसयूई से राजनीतिक करियर की शुरुआत की। उन्होंने कांग्रेस और देश की राजनीति को एक जुनून और मिशन के रूप में आत्मसात किया। वो वर्ष 2009, 2010, 2011 में भारतीय युवा कांग्रेस के संगठन के चुनावों में क्रमश: झारखंड, राजस्थान व उत्तरप्रदेश के प्रदेश प्रभारी रहे जबकि 2015 से 2018 तक मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव भी रहे। उसके बाद वो 2018 व 2023 में एआईसीसी के सदस्य चुने गये। मनोज चौहान की पार्टी के प्रति लगन, निष्ठा तथा समर्पण को देखते हुए उन्हें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तरफ़ से 2017 में दिल्ली व 2022 में नागालैण्ड के कांग्रेस के संगठन के चुनावों के लिए प्रदेश प्रभारी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां भी सौंपी गईं। अभी हाल ही में 2024 के लोकसभा के चुनाव में उन्हें आन्ध्रप्रदेश का एआईसीसी पर्यवेक्षक भी बनाया गया था। इसके अलावा वो दर्ज़न भर राज्यों में एआईसीसी की तरफ़ से बतौर पर्यवेक्षक के रूप में काम कर चुके हैं और अब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व हरियाणा के प्रभारी बनाये गये हैं।

## सांसद ने दी गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद ख्याति प्राप्त चिकित्सा डॉ राजेश मिश्रा ने समस्त लोकसभा संसदीय क्षेत्र वासियों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि गणेश चतुर्थी का पवन पर्व लोकसभा संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता जनार्दन के घरों में अपार खुशियां और रिद्धि सिद्धि विनायक जी लेकर आए। यह गणेश चतुर्थी का पावन पर्व सभी के लिए कल्याणकारी हो।

# कन्या शिक्षा परिसर में संगोष्ठी सह जागरूकता रैली आयोजित






**सीधी।** आई.ई.सी. कैम्पेनिंग के तहत कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार जिले के पीवीटीजी ग्रामों में कैम्प आयोजित हो रहे हैं। आई.ई.सी. कैम्पेनिंग के सफल क्रियान्वयन हेतु व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तथा पोस्टर, बैनर, दीवार लेखन, पीएमजनमन इन्टरवेंशन कार्ड, पीएमजनमन रथ तथा संगोष्ठी के द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार 07 सितंबर को कन्या शिक्षा परिसर सीधी में सहायक आयुक्त डॉ. डी.के. द्विवेदी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को पीएम-जनमन की योजनाओं एवं उसके उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया गया, ताकि व्यापक रूप से इस अभियान का प्रचार-प्रसार छात्र-छात्राओं के माध्यम से भी हो सके। सहायक आयुक्त ने बताया कि 09 विभागों की 11 योजनाओं तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ मिले, यही इस योजना का मूल उद्देश्य है। विद्यालय में कई छात्रायें बैगा जनजाति की अध्ययनरत है, जिनके माध्यम से उनके अभिभावकों तक पीएम-जनमन की योजनायें पहुँचेंगी। इसके पश्चात जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अखिलेश यादव, जनजातीय कार्य विभाग के मंडल संयोजक राजेश प्रसाद पटेल, उपयंत्री देवेन्द्र कुशवाहा, कनिष्ठ लेखा अधिकारी यू.एस.डी. दुबे, विद्यालय के शिक्षक एवं परिसर की छात्रायें उपस्थित रही।

## पोषण माह की गतिविधियों का हुआ आयोजन

**सीधी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आर सी त्रिपाठी ने जानकारी देकर बताया है कि पोषण माह के दौरान गुरूवार को सीधी जिला अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों में पोषण माह की गतिविधियों का आयोजन किया गया है, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, गांव के सरपंच एवं अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही। शासन के निर्देशानुसार जिले अंतर्गत पोषण माह का बड़ी धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी आंगनवाड़ियों में उचित पोषण बच्चों को मिलेगा तभी बच्चे देश को रोशन कर सकेगें।

# पति के दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत, मंदिरों में की पूजा-अर्चना



**सीधी।** हरतालिका तीज पर महिलाओं द्वारा पति के दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखते हुए शिव मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना भी की गई। शुक्रवार को ब्रम्ह मुहूर्त में महिलाओं ने नदी, तालाब आदि पवित्र जलाशयों में स्नान कर शिव मंदिरों में पूजा अर्चना की। प्रसिद्ध शिव मंदिरों में महिलाओं की यादा भीड़ बनी रही। दिन भर निर्जला व्रत रखकर व्रतियों ने रात्रि जागरण भी किया। शहर से लेकर गांवों तक शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए व्रती महिलाओं का तांता लगा रहा।

शहर समेत जिले भर में शिव मंदिरों में व्रती अखण्ड सौभाग्यवती की कामना लेकर पूजन किया। दूसरे दिन यानी शनिवार की सुबह शिव परिवार की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही यह व्रत समाप्त किया जायेगा। योतिषाचार्य पंडित रेवती रमण तिवारी ने बताया कि इस व्रत का खास महत्व है। मान्यता है कि भगवान शिव जैसा वर पाने के लिए युवतियां इस व्रत को रखती हैं। वहीं सुहागिनी अखण्ड सौभाग्यवती की कामना के लिए व्रत का पालन करती हैं। श्री तिवारी ने बताया कि रात्रि जागरण का खास महत्व होता है। 24 घंटे तक लगातार निर्जला व्रत रखने के बाद शिव परिवार की प्रतिमाएं विसर्जन के बाद यह व्रत समाप्त हो जाता है। विवाहित महिलाएं भगवान शिव व पार्वती का पूजन किया। मान्यता यह है कि भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए माता पार्वती ने यह व्रत किया था। तभी से यह व्रत प्रचलन में आ गया। इस व्रत में शिव,पार्वती, कार्तिकेय, गणेश और नन्दी की मूर्तियों की पूजा की जाती है।

## अजय सिंह चैहान वन विभाग के विभागीय अध्यक्ष बने



**सीधी**

मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार मिश्रा द्वारा संघ को गतिशील बनाने हेतु कार्यालय क्षेत्र संचालक संजय टाईगर रिजर्व सीधी में पदस्थ अजय सिंह चैहान को आगामी अधिसूचना तक वन विभाग का विभागीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अजय सिंह के अध्यक्ष मनोनीत होने पर उनके शुभचिंतकों व संघ के सदस्यों ने बधाई दी है।

## राज्य परिवहन सेवा प्रारंभ करना होगा उचित : का. आनंद



**सीधी।** मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश में राज्य परिवहन सेवा फिर से प्रारंभ करने पर विचार करना प्रारंभ किया है जो एक स्वागत योग्य कदम है और भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी सरकार को इसके लिए साधुवाद देते हुए इस पर शीघ्र अमल करने की मांग करती है ताकि जल्द से जल्द प्रदेश की जनता खास तौर पर ग्रामीण मार्गो और छोटे शहर कस्बों की जनता को सुलभ सस्ते और सुरक्षित यातायात व्यवस्था मुहैया हो सके और प्राइवेट बस माफिया की लूट-खसोट और गुंडागर्दी से छुटकारा मिल सके। उल्लेखनीय है कि राज्य परिवहन को पुन: शुरू करने की मांग सबसे पहले भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने की थी और 30 अगस्त को सफल राज्य व्यापी आंदोलन किया था जिसे जनता का व्यापक समर्थन मिला था। पार्टी ने घोषणा की है कि अगर राज्य सरकार ने जनहित में शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो पार्टी आंदोलन का अगला कदम शीघ्र उठायेगी।

# पेंशन शिविर का आयोजन 17 से

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि दिनांक 31.08.2024 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण हेतु पेंशन शाखा लिपिक के साथ जिला पेंशन कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया है कि पेंशन शिविर में पेंशन प्रकरण निराकरण नहीं कराये जाने की स्थिति में जिला पेंशन अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार माह सितम्बर 2024 का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

पेंशन शिविर का आयोजन 17.09.2024 से 20.09.2024 तक जिला पेंशन कार्यालय सीधी में आयोजित किया गया है। त्रिवेणी दास कोल सहायक पेंशन अधिकारी पेंशन शाखा प्रभारी होंगे तथा जिन कार्यालय प्रमुखों द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में जमा किया गया है उन्हें भी निर्देशित किया गया है कि पेंशन शिविर में उपस्थित होकर पेंशन प्रकरण निराकरण करायें। ज्ञात हो कि म.प्र. सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के नियम 49 से लेकर 60 में दिये गये प्रावधानों अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवा निवृत्त के दो वर्ष से पूर्व की जाकर छः माह पूर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। पूर्व में जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के संबंध में पेंशन शिविर एवं प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया है।

## भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा नकझर खुर्द का सार्वजनिक शौंचालय

**सीधी।** शौंचालय के नाम पर राशि हजम करने के बाद भी सरपंच एवं सचिव पर कार्यवाही की गाज नहीं गिर रही है। हालात यह है कि शौंचालय का निर्माण पूर्ण हो चुका है लेकिन गुणवत्ता की अनदेखी के साथ अभी भी ताला बंद है। पिछले कार्यकाल में बना शौंचालय अभी भी कम्प्लीट नहीं हो पाया है। इस मामले में सरपंच एवं सचिव की जिम्मेदारी बनती है कि शौंचालय को शुरू कराया जाए। लेकिन अभी तक काम नहीं हो रहा है। यह मामला ग्राम पंचायत नकझर खुर्द का है। जो कि जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत आता है। मामले की शिकायत कुछ स्थानीय लोगों द्वारा की गई परंतु कार्यवाही नहीं हो रही है। मामले में जांच की जाए तो लंबा घोटाला सामने आ सकता है।

# गणपत्ति बप्पा के लगे जयकारे, उमड़ी भक्तों की भीड़



**सीधी।** भगवान गणेश का जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी आज शनिवार से धूमधाम से शुरू हो चुका है। कई भक्तों द्वारा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना आज की गई। शहर में कई स्थानों में पंडालों में गणेश प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। कुछ भक्तगणों ने अपने घरों में भी गणेश प्रतिमा की स्थापना पूरी आस्था के साथ की। दस दिवसीय आयोजन को भव्य रूप देने के लिए तैयारी की जा रही है। बाजार में इसका असर भी देखने को मिल रहा है। घरों में विराजित करने के लिए लोगों में अब इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा की मांग बढ़ गई है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक प्रतिमाएं स्थापित की जा रही है। कई प्रतिमाएं आज ही स्थापित हो गई है तो कुछ मुहूर्त के अनुसार स्थापित होने वाली हैं। भगवान गणेश की स्थापना के लिए गणेश चतुर्थी का पर्व शनिवार को शुभ मुहूर्त में शुरू हो चुका है। भगवान श्री गणेश को विराजित करने के लिए घरों और मंदिरों के साथ ही सार्वजनिक गणेशोत्सव के लिए भी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। शहर के प्रमुख क्षेत्रों के बाजारों में गणपति बप्पा की मूर्तियां स्थापित होने लगी हैं। पंडालों में रखी जाने वाली 5 से 8 फीट की प्रतिमाओं को बुकिंग के हिसाब से तैयार हो चुकी हैं। इनकी बुकिंग कई दिन पहले ही करा दी गई थी। बड़ी प्रतिमाओं की डिलेवरी भी गोदाम से हो रही है। ज्यादा बड़ी प्रतिमाओ की मांग नहीं रही है। खास बात यह है कि कई दुकानदारों ने इस बार भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित करने की कार्ययोजना पहले ही बना ली थी। शहर के पुराना बस स्टैंड के मुख्य द्वार, पुरानी गल्ला मंडी, गांधी चौक, सर्राफा बाजार, गुरूद्वारा, सब्जी मंडी क्षेत्र, करौंदिया आदि जगहों में गणेश प्रतिमा की स्थापना होने वाली हैं। खास बात यह है कि छोटी व बड़ी दुकानों में इस बार मिट्टी की प्रतिमाओं की बिक्री हो रही है। बाजार में इस बार ईको फ्रेंडली भगवा गणेश की प्रतिमा की मांग सबसे अधिक है। शहर की गणेश प्रतिमा की दुकानों पर मिट्टी की प्रतिमाओं के दाम अधिक है। वैसे इस बार मिट्टी की प्रतिमाओं की कीमत 1000 रूपए लेकर बड़ी प्रतिमा 12-15 हजार रूपए तक है। हालांकि घरों में विराजित करने वाली प्रतिमाएं छोटी अधिकतम 2 से 3 फीट तक होती है। इससे बड़ी प्रतिमाएं पंडालों में विराजित की जाती है। शहर में प्रतिमा बनाने वाले स्थानीय कारीगरों के अलावा बंगाल के भी आए हुए हैं। इनके द्वारा गणेश प्रतिमाओं के बाद दुर्गा प्रतिमाओं का निर्माण भी करने की तैयारी है। वहीं सोनांचल बस स्टैंड के राजा का छठवां गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है। जिसमें कि आचार्य कपिलमुनि द्विवेदी द्वारा पूजा-अर्चना कराई जा रही है।

## संपादकीय

### फलाहार में भी मिलावट का जहर

खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले आम होने की वजह से आज हालत यह है कि कुछ भी खाकर आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता कि वह सुरक्षित और सेहत के लिए फायदेमंद है। मिलावट के कारोबारियों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि मिलावटी चीजें खाकर लोग बीमार हो गए या उनकी जान ही चली गई। सामान्य दिनों की इस विडंबना के बीच हैरानी की बात यह है कि पर्व-त्योहार के मौकों को भी नहीं बख्शा जाता और सिर्फ कमाई के लिए मिलावटी या फिर खराब हो चुके खाद्य पदार्थ बेचने में कुछ लोगों को हिचक नहीं होती।कई त्योहारों के मौकों पर खबर आती है कि कुट्टू का आटा खाने से कई लोग बीमार हो गए। कई बार इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं और अगर कभी कोई मामला तूल पकड़ लेता है तब यह आश्वासन जरूर दिया जाता है कि इस संबंध में जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मगर हकीकत यह है कि कुछ दिनों के बाद सब भुला दिया जाता है और हादसे होते रहते हैं।गौरतलब है कि वर्ष भर में आने वाले पर्व-त्योहारों के मौकों पर बहुत सारे लोग फल या अन्य खाद्य पदार्थों के साथ-साथ कुट्टू के आटे का भी सेवन करते हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मथुरा और आगरा में कृष्ण जन्माष्टमी पर उपवास के दौरान कुट्टू के आटे से बना 'फलाहार' खाने से पांच गांवों के सौ से ज्यादा लोग बीमार हो गए। कई लोगों की स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई।खबरों के मुताबिक, पीड़ित लोगों ने जहां से कुट्टू का आटा खरीदा था, वहां आटे की आपूर्ति करने वाली दो दुकानें सील कर दी गईं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मगर सवाल है कि आखिर यह कौन-सी मजबूरी है कि सरकार के संबंधित महकमे या खाद्य सुरक्षा विभाग तब तक लापरवाह बने रहते हैं, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए। दूषित खाद्य सामग्री बेचने वालों की जांच और उनके खिलाफ कार्रवाई के मामले में अगर अनदेखी न की जाए, तो शायद इस तरह बड़ी संख्या में लोगों के जीवन पर जोखिम न पैदा हो।

# सर्वसुलभ इंसाफ की उम्मीद को पंख लगे

**सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए। यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो कुछ कहा, उसे देश की पूरी न्याय व्यवस्था के लिए अलार्म बेल माना जा सकता है। राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि जब तक न्यायपालिका देश के आम लोगों को सहजता से इंसाफ तक पहुंचने का रास्ता मुहैया नहीं कराती, तब तक उसका काम पूरा नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है।**

(ललित गर्ग)

सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए।

यह सुखद, अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक अवसर ही है कि देश के सर्वच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए और विभिन्न आयोजनों में सर्वच्च न्यायालय की भूमिका को अधिक सशक्त बनाने के विषय पर गंभीर मंथन भी हुआ, ऐसे ही आयोजनों में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है। 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है' वाली इस बात को सभी महसूस करते हैं लेकिन न्यायिक व्यवस्था के शीर्ष पर आसीन मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की इस स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।'

सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए। यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो कुछ कहा, उसे देश की पूरी न्याय व्यवस्था के लिए अलार्म बेल माना जा सकता है। राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि जब तक न्यायपालिका देश के आम लोगों को सहजता से इंसाफ तक पहुंचने का रास्ता मुहैया नहीं कराती, तब तक उसका काम पूरा नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास करने की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है।



अदालतों से न्याय पाने की प्रक्रिया बड़ी खर्चीली है और इसमें बेहिसाब वक्त लगता है। इन दोनों ही का नतीजा इसी रूप में सामने आता है कि इंसाफ की आस लेकर अदालत पहुंचा व्यक्ति फैसला आने तक टूट चुका होता है। इसीलिये राष्ट्रपति ने ठीक ही कहा कि किसी गंभीर अपराध से जुड़े मामले का फैसला आने में 32 साल लग जाए तो लोगों को ऐसा लगना अस्वाभाविक नहीं कि शायद अदालतें ऐसे मामलों को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। राष्ट्रपति ने किसी खास मामले का जिक्र नहीं किया, लेकिन उनका इशारा अजमेर में पॉक्सो अदालत द्वारा इसी 20 अगस्त को सुनाए गए फैसले की तरफ था। एक चर्चित सेक्स स्कैंडल से जुड़े इस मामले में छह लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाने में 32 साल लग गए। यह अपनी तरह का कोई इकलौता मामला नहीं है। बेहद गंभीर और वीभत्स अपराध के सैकड़ों ऐसे मामले हैं, जो अदालतों में बरसों से लंबित पड़े हैं। लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती पर महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट इसके लिए क्या करने जा रहा है, जिससे लोग न्याय प्रक्रिया से हताश-निराश होकर समझौता करने के लिए बाध्य न हों? प्रश्न यह भी है उन्हें समय पर त्वरित न्याय कब मिल सकेगा? दुर्भाग्य से ये प्रश्न दशकों से अनुत्तरित है।

इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। कोलकाता में एक मेडिकल कालेज के अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या कांड ने पूरे देश को उद्वेलित किया है। पूरे देश में अपराधियों को शीघ्र व सख्त दंड देने की मांग की जा रही है। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है विकसित भारत, नया भारत बनने का। नया भारत, यानी सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। भारत में लोकतंत्र और उदारवादी मूल्यों को मज़बूत करने में न्यायपालिका ने बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। संविधान का रखवाला, ग़रीबों के अधिकार एवं सरकार की ज्यादतियों के खिलाफ़ कमज़ोर समूहों का योग्य संरक्षक और करोड़ों नागरिकों के लिए आखरी उम्मीद वाला संस्थान है सुप्रीम कोर्ट। कुछ अपवादों को छोड़कर पिछले 75 वर्षों में ज्यादातर समय भारतीय न्यायपालिका संविधान की रक्षा और क़ानून के शासन को बनाए रखने में सफल रही है। लेकिन भारतीय कानून व्यवस्था के सामने अनेक जटिल स्थितियां भी हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति, बढ़ते केसों की संख्या, जवाबदेही, भ्रष्टाचार एवं विलम्बित न्याय आदि। न्याय को लेकर अदालतों तक आम नागरिकों की पहुंच एवं खर्च के मुद्दों और इसी तरह की दूसरी चीज़ों के मामले में सुधार के बारे में न्यायपालिका की अपनी महत्वपूर्ण चिंताएं हैं। हमारे कानूनों की भावना है-नागरिक पहले, सम्मान पहले और न्याय पहले है।

निश्चित ही डी.वाई. चंद्रचूड न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा करते रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दिये हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देती रही है। न्याय के इंतजार में कई-कई पीढ़ियां अदालतों के चक्कर काटती रह जाती हैं। देश में शीर्ष अदालत, उच्च न्यायालयों और निचली अदालतों में मुकदमों का अंबार निश्चित रूप से न्यायिक व्यवस्था के लिये असहज एवं चुनौतीपूर्ण स्थिति है। बताया जाता है कि सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या लगभग 80 हजार है। उच्च न्यायालयों में इनकी संख्या 62 लाख के करीब है और निचली अदालतों में करीब साढ़े चार करोड़। इसका अर्थ है कि लगभग पांच करोड़ लोग न्याय के लिए प्रतीक्षारत हैं। देश में तीनों स्तरों पर लंबित मामले न्यायिक व्यवस्था के लिये एक गंभीर चुनौती है।

# स्किल्स और विशेषज्ञता के साथ अच्छा इंसान बनना सिखाता है 'शिक्षक'

(डॉ. पवन सिंह मलिक)

शिक्षक जो जीवन के व्यावहारिक विषयों को बोल कर नहीं बल्कि स्वयं के उदाहरण से वैसा करके सिखाता है। शिक्षक जो बनना नहीं गढ़ना सिखाता है। शिक्षक जो केवल शिक्षा नहीं बल्कि विद्या सिखाता है। शिक्षक केवल सफ़ल होना नहीं, असफ़लता से भी रास्ता निकाल लेना सिखाता है। आज शिक्षक दिवस है और हममें से कोई भी ऐसा नहीं, जिसके जीवन में इस शब्द का महत्व न हो। हम आज जो कुछ भी है या हमने जो कुछ भी सिखा या जाना है उसके पीछे किसी न किसी का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहयोग व उसे सिखाने की भूमिका रही है। इसलिए आज का दिन प्रत्येक उस व्यक्तित्व के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का व उन सीखे हुए मूल्यों के आधार पर खुशहाल समाज निर्माण में अपनी भूमिका तय करने का दिन भी है। शिक्षक यानि गुरु शब्द का तो अर्थ ही अंधकार (अज्ञान) से प्रकाश (ज्ञान) की ओर ले जाने वाला है। भारत में नई राष्टीय शिक्षा नीति 2020 का श्री गणेश भी हो चुका है। पूरी शिक्षा नीति को देखने पर ध्यान आता है कि उसके क्रियान्वयन व सफ़ल तरीके से उसे मूर्त रुप देने का अगर सीधा-सीधा किसी का नैतिक दायित्व बनता है तो वह शिक्षक का ही है। वर्तमान के आधार को मजबूत करते हुए, भविष्य के आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को चरितार्थ करने व भारत को आगे बढ़ाने के सपनों को अपनी आँखों में भर कर निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा व भाव जागरण का आधार भी शिक्षक है।

**जीवन का दायित्वबोध है शिक्षक-** शिक्षक जो जीवन के व्यावहारिक विषयों को बोल कर नहीं बल्कि स्वयं के उदाहरण से वैसा करके सिखाता है। शिक्षक जो बनना नहीं गढ़ना सिखाता है। शिक्षक जो केवल शिक्षा नहीं बल्कि विद्या सिखाता है। शिक्षक केवल सफ़ल होना नहीं, असफ़लता से भी रास्ता निकाल लेना सिखाता है। शिक्षक जो तर्क व कुतर्क के अंतर को समझाता है। शिक्षक जो केवल चलना नहीं, गिरकर उठना भी सिखाता है। शिक्षक जो भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार होना सिखाता है। शिक्षक जिसे समाज संस्कार, नम्रता, सहानुभूति व सहानुभूति की चलती फिरती पाठशाला मानता है। कहा जाता है कि एक शिक्षक का दिमाग देश में सबसे बेहतर होता है। एक बार सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कुछ छात्रों और दोस्तों ने उनका जन्मदिवस मनाने की इच्छा ज़ाहिर कि, इसके जवाब में डॉक्टर राधाकृष्णन ने कहा कि मेरा जन्मदिन अलग से मनाने की बजाय इसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो मुझे बहुत गर्व होगा। इसके बाद से ही पूरे भारत में 5 सितंबर का दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन इस महान शिक्षाविद को हम सब याद करते हैं।

**एक नज़र डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली –** डॉ. राधाकृष्णन ने 12 साल की उम्र में ही बाइबिल और स्वामी विवेकानंद के दर्शन का अध्ययन कर लिया था। उन्होंने दर्शन शास्त्र से एम.ए. किया और 1916 में मद्रास रेजीडेंसी कॉलेज में सहायक अध्यापक के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। उन्होंने 40 वर्षों तक शिक्षक के रूप में काम किया। वह 1931 से 1936 तक आंध्र विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। इसके बाद 1936 से 1952 तक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के पद पर रहे और 1939 से 1948 तक वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर आसीन रहे। उन्होंने भारतीय संस्कृति का गहन अध्ययन किया। साल 1952 में उन्हें भारत का प्रथम उपराष्ट्रपति बनाया गया और भारत के द्वितीय राष्ट्रपति बनने से पहले 1953 से 1962 तक वह दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। इसी बीच 1954 में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने उन्हें 'भारत रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया। डॉ. राधाकृष्णन को ब्रिटिश शासनकाल में 'सर' की उपाधि भी दी गई थी। इसके अलावा 1961 में इन्हें जर्मनी के पुस्तक प्रकाशन द्वारा 'विश्व शांति पुरस्कार' से भी सम्मानित किया गया था। अतः हम कह सकते है कि वे जीवन भर अपने आप को शिक्षक मानते रहे और उन्होंने अपना जन्मदिन भी इसी परिपाटी का पालन करने वाले शिक्षकों के लिए समर्पित कर दिया।

**शिक्षा को मिशन का रूप देना होगा-** डॉ. राधाकृष्णन अक्सर कहा करते थे, शिक्षा का मतलब सिर्फ जानकारी देना ही नहीं है। जानकारी का अपना महत्व है लेकिन बौद्धिक झुकाव और लोकतांत्रिक भावना का भी महत्व है, क्योंकि इन भावनाओं के साथ छात्र उत्तरदायी नागरिक बनते हैं। वे मानते थे कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा, तब तक शिक्षा को मिशन का रूप नहीं मिल पाएगा। आज शिक्षा को मिशन बनाना होगा। शिक्षा की पहुँच इस देश के अंतिम घर के अंतिम व्यक्ति तक होनी चाहिए। इसके लिए केवल शिक्षकों को ही नहीं समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। प्रत्येक वो व्यक्ति जो अपने आपको शिक्षा देने में सक्षम समझता है उसे आगे आना होगा। अपने यहाँ अधिक से अधिक मोहल्ले एवं ग्रामीण शिक्षा केंद्र संचालित करने की चुनौती को उसे स्वीकार करना होगा। ताकि समाज का कोई भी वर्ग या स्थान शिक्षा से वंचित न रहे। उसे प्रतिदिन या सप्ताह में कुछ समय शिक्षा जैसे पुनीत कार्य के लिए लगाना होगा। इस कार्य के लिए उसे अपने जैसे बहुत से लोगों को खड़ा करना होगा व इस अभियान में सहयोगी बनने के लिए उनका भाव जागृत करना होगा।

**शिक्षा स्वरोजगार के लिए-** शिक्षक के नाते अब हमें शिक्षा को क्लास रूम से बाहर ले जाने की पहल करनी होगी यानि उसकी व्यावहारिकता पर ज्यादा ध्यान देना होगा। विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास को अपनी प्राथमिकता में लाना होगा। ताकि विद्यार्थी का कौशल उसके जीवन का हिस्सा बन सके और आगे उसे रोज़गार से जोड़ा जा सके। शिक्षा को फ़ॉर्मल एजुकेशन के साथ - साथ अनौपचारिक यानी इन-फ़ॉर्मल एजुकेशन बनाने की ओर भी अब हमें अपने प्रयासों को अधिक गति से बढ़ाने की आवश्यकता है। कोविड ने हमें आज इस विषय की ओर देखने की दृष्टि भी दी है ताकि भविष्य में किसी विकट परिस्थिति व आर्थिक संकट के समय स्व-रोज़गार के आधार पर हम आत्मनिर्भरता की भावना के साथ उस परिस्थिति का सामना कर सके।

## वर्ग पहेली 5485

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | 9 | |
| 10 | | | ■ | ■ | 11 | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| | ■ | 16 | | ■ | 17 | | |
| ■ | 18 | | | ■ | | ■ | |
| 19 | | ■ | 20 | | ■ | 21 | |
| | ■ | 22 | | ■ | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1982 को भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय यह नदी घाटी परियोगजना राष्ट्र को समर्पित की (6)
7. केशलता, बालों का गुच्छा जो गाल पर लटके (2)
8. आढ़त, कमीशन, दलाली (5)
10. स्थानीय (अंग्रेजी) (3)
11. घड़ियाल, नकरा का अपभ्रंश (2)
12. चैत्र माह का प्रसिद्ध अन्न (2)
13. 332 द्वीपों वाले इस देश की राजधानी सुवा है (2)
14. वचन, इकरार, प्रतिज्ञा (2)
16. नायक (अंग्रेजी)(2)
17. उत्कृष्ट, नितांत अंतिम, छोरस्थ (3)
18. भास्कर, दिनपति, सूर्य (3)
19. पसंद आना, फबना, शोभित होना (2)
20. ग्राम, देहात (2)
21. राजद्रोही, बगावत करने वाला (2)
22. सुगंधित, रुचिकर, सुवासित (2)
23. अमात्य, शतरंज की एक मोहर (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मस्तक में तीसरा नेत्र होने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (5)
2. खटका होना, चुभना, खलना (4)
3. चौड़े मुंह का गोल पेंदे वाला पात्र जो मिट्टी आदि का बना होता है (2)
4. गरदन, ग्रीवा, बहुत अधिक पका हुआ (2)
5. प्यार बालक, दुलारा लड़का (3)
6. कीमत, दाम, कर, महसूल (2)
9. सप्ताह के दिनों में से एक (4)
13. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता व पत्रकार जो लोकसभा के सदस्य भी रहे (निधन 8 सितंबर 1960) (5)
15. आंचल या पल्ला पकड़ने वाला (5)
16. पंजाब कीप्रसिद्ध प्रेमकथ की नायिका (2)
17. पंख, डैना (2)
18. निर्जन, वीराना, जनहीन, एकांत (2)
19. उबला हुआ चावल (2)
21. शर्त, दांव, शौकीन होने का भाव (2)

### वर्ग पहेली 5484 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हे | ल | न | ■ | गु | डा | के | श |
| म | त | ल | बी | ■ | ल | ला | ट |
| ल | ■ | से | ■ | प | ना | ■ | ल |
| ता | ■ | तु | ल | सी | ■ | ■ | कॉ |
| ■ | दू | ■ | ता | ज | ■ | श | क |
| द | र्प | ण | ■ | ना | दि | रा | ■ |
| र | ण | ■ | दा | ■ | ल | फ | ड़ा |
| स | ख्या | ■ | दू | ब | ■ | त | ■ |

# झपियां पाकर, गले लगाकर जिओ जिंदगी

(सुंदरचंद ठाकुर)

मेरी उम्र 56 साल है। मेरी एक बेटी है, जो अब 22 साल की हो गई है। मैंने उसे बेहिसाब बार गले लगाया हुआ है। जब भी वह परेशान हुई। उसे रोना आया, तो मैंने उसे गले लगाया। कहा- चिंता मत कर बेटी। मैं हूं न। सब ठीक हो जाएगा। जब वह पैदा हुई तो पहले कुछ साल तक मैं उसे गोद में लिए रहता था। उसे अक्सर अपने कंधे में बैठाकर बाजार घुमाने ले जाता था। उसे मैं अपने सीने से चिपकाकर सुलाता था। उसे आज तक नहीं भूला कि जब वह तीन-चार साल की थी, तो मैं कैसे उसे लकड़ी की काठी गाने को लोरी की तरह सुनाकर सुलाया करता था। उसे तुरंत नींद भी आ जाती थी। वह जब बड़ी हुई तो मैंने उसे गले लगाना शुरू किया। उसकी हर तकलीफ को, उसकी उदासी, डर, घबराहट को मैं अपने सीने में उसके लिए उमड़ते प्रेम के जादुई स्पर्श से भगा देना चाहता था। और सचमुच वे भाग जाते थे। आज भी मुझे जब मौका मिलता है, मैं उसे अपने सीने से लगाने का मौका नहीं छोड़ता क्योंकि इस तरह मैं जानता हूं मैं उसे पिता की वह सुरक्षा दे रहा हूं, जो उसे अपने अकेले में लड़ने में मदद करेगी।

लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि उसे देने से ज्यादा मैं खुद पा रहा होता हूं। उसे सीने से लगाते ही प्रेम का सघन अहसास और घनीभूत होकर मेरे भीतर उतर जाता है और यह मेरी भी रक्षा करता है। यह मुझे दूसरों की बेटियों, उनकी मांओं, समाज की स्त्रियों के प्रति भी प्रेम से भरता है। यह मेरे अपने भीतर से असुरक्षा की भावना को दूर करता है, प्रेम विहीन होने से पैदा होने वाली बंजरता के प्रकोप से बचाता है, मुझमें क्रूरता नहीं आने देता और जीवन के प्रति गहरा लगाव बनाकर रखता है।

अब मैं जब अपने पिता के बारे में सोचता हूं और अपने बचपन के बारे में सोचता हूं, तो एक अलग ही मंजर आंखों में चला आता है। पिता ने मुझे कभी गले नहीं लगाया। पिता ने कभी अपना प्रेम नहीं दिखाया। निम्न मध्यवर्गीय और मध्यवर्गीय परिवारों में पुरानी पीढ़ियों से चली आ रही यह प्रेम को उजागर न करने की प्रथा हमारी पीढ़ी तक बनी हुई थी। तब पिताओं के मन में बच्चों के लिए प्रेम की कोई कमी थीख् ऐसा नहीं, पर वे उस प्रेम को उजागर नहीं करते थे। और ऐसा करके न सिर्फ वे बच्चों के मन में एक अतिरिक्त सुरक्षा की भावना को जन्म होने देने से रोकते थे बल्कि खुद अपने हृदय को भी बंजर बने रहने देते थे। पिता बुरी आदतों का शिकार हो गए और लगभग एकाकी जीवन जीते हुए महज 52 की उम्र में चले गए।

मैं आज के माता-पिताओं को बताना चाहता हूं कि बच्चों को आपसे मार्गदर्शन चाहिए, आपका सपोर्ट चाहिए, लेकिन उनकी सबसे बड़ी जरूरत आपका प्यार है। उन्हें अगर आप रोज गले लगाकर अपने प्रेम की गरमाई देंगे, तो वे कभी एंजाइटी और डिप्रेशन का शिकार नहीं होंगे, जो कि आज हर दूसरे बच्चे को पकड़े हुए हैं। आप सिर्फ अपने बच्चों को ही प्रेम की सुरक्षा नहीं दोगे बल्कि खुद अपने दिल को भी बंजर न होने दोगे। वही प्रेम आपके दिल को भी धड़काते रहेगा। अनजाने ही आप खुद को भी प्रेम के अमृत से सींच रहे होगे। इसलिए बच्चों को गले लगाना शुरू करें। उनसे झपियां पाना शुरू करें। यह उनकी और आपकी जिंदगी में एक नई जान डाल देगा, आपको एक नई उमंग और जीवन ऊर्जा से भर देगा।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

**मेष**

आज आपका पूरा दिन काफी बिजी रहेगा और दिन भर भागदौड़ करते रहेंगे। आपका भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है। सावधानीपूर्वक हर काम को करें तो आपको लाभ होगा। आपका आत्मसम्मान बढ़ेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा।

**वृषभ**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको सम्?मान की प्राप्ति होगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आप अपने किए कार्य की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे। आपके आनंद में वृद्धि होगी और रात के समय किसी सामाजिक समारोह में सम्मिलित होने के चांस हैं।

**मिथुन**

आज करियर में सफलता का दिन है। आज के दिन की प्?लानिंग के अनुसार आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। धन सम्?मान में वृद्धि होने से मन में प्रसन्?नता रहेगी। आपके घर में भाइयों से विवाद उग्र रूप ले सकते हैं। हर मामले में संभलकर रहें।

**कर्क**

आज का दिन सफलता देने वाला होगा। चंद्रमा की शुभ दृष्टि से आपको लाभ होगा। किसी महान पुरुष के आशीर्वाद से आपको करियर के मामले में लाभ होगा। कोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात् मिल सकती है और आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**सिंह**

आज करियर में हर काम को बेहद संभलकर करने की जरूरत है। दिन भर प्रतिद्वन्दियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। कारोबार में अकस्मात् आशा से अधिक लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्?न होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा।

**कन्या**

आज दिन आर्थिक मामलों में काफी सुखद रहेगा। काफी दिनों से जो असमंजस बना हुआ है, आज उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आपके सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जायेगी और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी।

**तुला**

आज करियर में लाभ होगा। आपके लिए जो काम काफी जोखिम से भरे हैं उन्?हें करने से बचें। वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपके कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। किसी संकट में फंस सकते हैं, अपने काम पर फोकस करें वरना आपको नुकसान हो सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**वृश्चिक**

आज दिन काफी व्?यस्?तता से भरा हागा। घरेलू और व्यावसायिक वातावरण काफी अस्त-व्यस्त रहेगा। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। कुछ समय लगाकर अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर पाएंगे और ऑफिस में लोग आपकी मदद करेंगे।

**धनु**

आज लाभ का दिन है। जिस प्रकार प्रतियोगिता या परीक्षा को आप उत्तीर्ण कर लेना चाहते हैं, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उससे लगता है कि युक्तिसंगत प्रयासों का लाभकारी परिणाम सामने आएगा। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा।

**मकर**

आज दिन शुभ है। आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगती हैं तो सभी काम एक-एक कर बनने लग जाएंगे और आप सफलता की तरफ बढ़ते जाएंगे।

**कुंभ**

आज प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी अन्त में आपकी हर मामले में जीत होगी और आपके जीवन में चैन और सुकून बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको आगे बढ़ने के लिए कुछ नए कार्य करने पड़ सकते हैं और थोड़े बहुत जोखिम भी लेने पड़ सकते हैं। आपका दिन सफलता से भरा होगा और कारोबार में मनचाही सफलता हासिल होने से आपको खुशी होगी।

**मीन**

आज आपके सभी कार्य बिना किसी बाधा के संपन्?न होंगे। आपके घर में किसी प्रकार के मांगलिक कार्य की चर्चा हो सकती है और आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। धार्मिक कार्य में रुचि और निकट की यात्रा भी संभव है। रात का कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्विन ने दलीप ट्रॉफी में निकाली बल्लेबाजों की बड़ी गलती



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी में चार टीमें एक-दूसरे मुकाबला कर रही हैं. बेंगलुरु में इंडिया ए की भिड़ंत इंडिया बी से हो रही है. वहीं अनंतपुर में इंडिया सी और इंडिया डी के बीच मैच खेला जा रहा है. इस बीच टीम इंडिया दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने घरेलू क्रिकेट खेलने वालों बल्लेबाजों की एक बड़ी कमी बताई है. इंडिया डी के बल्लेबाज रिकी भुइ का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा है कि अब फ्रंट फूट पर बैट को पैड से पीछे रखना घातक साबित हो सकता है. अश्विन ने DRS को गेमचेंजर बताते हुए कहा कि इसी वजह से ये बड़ी कमी सामने निकलकर आई है.

**बल्लेबाजों की गलत टेक्निक**

दलीप ट्रॉफी के दूसरे दिन मानव सुथार की गेंद पर रिकी भुइ LBW का शिकार हो गए थे. इसी का उदाहरण देते हुए अश्विन ने DRS को गेमचेंजर बताया. इस गेंद पर भुइ अपने बैट को पैड के पीछे रखकर फ्रंट फूट पर डिफेंस कर रहे थे. गेंदबाज ने आउट की अपील लेकिन ऑन फील्ड अंपायर ने मना कर दिया. इसके बाद उन्होंने इसका रिव्यू मांगा, जिसमें टीवी अंपायर ने फैसला पलटते हुए आउट करार दिया. अश्विन ने इसी घटना की तस्वीर सोशल मीडिया पर की और कहा कि बल्लेबाज की टेक्निक सही नहीं है. छ्रस आने के बाद से इस टेक्निक के साथ बल्लेबाज 10 में से 10 बार आउट हो सकता है.

### युवराज सिंह के पिता योगराज ने अर्जुन तेंदुलकर के भविष्य पर दिया बयान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** युवराज सिंह के पिता योगदार सिंह अटपटे बयान देने के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने कपिल देव और एमएस धोनी को लेकर टिप्पणी की थी। जी स्विच यूट्यूब चैनल पर योगराज सिंह ने कहा था कि मैं एमएस धोनी को माफ नहीं करूंगा और उन्हें अपना चेहरा आइने में देखना चाहिए। वह बहुत बड़े क्रिकेटर हैं, लेकिन उन्होंने मेरे बेटे के खिलाफ जो किया है, वह सब अब सामने आ रहा है और इसे जीवन में कभी माफ नहीं किया जा सकता।

युवराज सिंह को सफल क्रिकेटर बनाने में योगराज सिंह का अहम योगदान रहा है और शुरुआत में योगराज सिंह ने ही युवी को ट्रेनिंग दी थी। वहीं दूसरी तरफ सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन ने भी उनसे कुछ समय पहले ट्रेनिंग ली थी। जी स्विच पर ही बातचीत के दौरान योगराज सिंह से अर्जुन तेंदुलकर के बारे में सवाल किया गया और पूछा गया कि अर्जुन तेंदुलकर आपके पास ट्रेनिंग के लिए आए थे और आप उनके भविष्य को किस तरह से देखते हैं।

### इंग्लैंड वर्सेस श्रीलंका :147 सालों के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा...

# जो सचिन-ब्रैडमैन नहीं कर सके वो ओली पोप ने किया...



**लंदन, एजेंसी।** शुक्रवार का दिन अंग्रेज बल्लेबाज ओली पोप के लिए बेहद खास रहा. ओली पोप ने 103 रनों की नॉटआउट इनिंग खेली. वहीं, इंग्लैंड ने दिन का खेल खत्म होने पर 3 विकेट पर 221 रनों का स्कोर बनाया.

बहरहाल, ओली पोप के नाम खास रिकॉर्ड दर्ज हो गया है. इस अंग्रेज बल्लेबाज ने वह कारनामा कर दिखाया जो टेस्ट क्रिकेट के 147 सालों के इतिहास में डॉन ब्रैडमैन और सचिन तेंदुलकर जैसे बड़े-बड़े बल्लेबाज नहीं कर सके.

अब तक ओली पोप टेस्ट फॉर्मेट में 7 बार शतक का आंकड़ा छू चुके हैं. इस बार उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ शतक बनाया. लेकिन क्या आप जानते हैं ओली पोप के सारे शतक अलग-अलग देशों के खिलाफ आए हैं? ओली पोप ने अपने करियर के 7 शतक 7 अलग-अलग देशों के खिलाफ बनाए हैं. यह अपने आप में रिकॉर्ड है. टेस्ट क्रिकेट के 147 सालों के इतिहास में पहलप्पी बार ऐसा हुआ है. आज तक किसी बल्लेबाज ने यह कारनामा नहीं किया है.

डॉन ब्रैडमैन और सचिन तेंदुलकर जैसे बड़े-बड़े बल्लेबाज यह कारनामा नहीं कर सके. लेकिन ओली पोप ने कर दिखाया.

**अब तक इंग्लैंड-श्रीलंका टेस्ट में क्या-क्या हुआ?**

बताते चलें कि इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच तीसरा टेस्ट खेला जा रहा है. इस वक्त इंग्लैंड 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है. वहीं, अब तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक अंग्रेजों का स्कोर 3 विकेट पर 221 रन है. इंग्लैंड के लिए ओली पोप शतक बनाकर नॉटआउट हैं. बहरहाल, यह देखना मजेदार होगा कि ओली पोप और इंग्लैंड रनों का आंकड़ा कहां तक पहुंचा पाते हैं? इंग्लैंड टीम टेस्ट जीतकर श्रीलंका का सूपड़ा साफ करना चाहेगी.

### पेरिस ओलंपिक 2024:

## होकाटो होतोजे सेमा ने रचा इतिहास मेंस शॉटपुट एफ 57 में जीता ब्रॉन्ज



**पेरिस, एजेंसी।** नागालैंड के होकाटो होतोजे सेमा ने पेरिस पैरालंपिक के 9वें दिन भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर कमाल कर दिया। होकाटो मेंस शॉट पुट स्त्र57 इवेंट में यह कारनामाम किया।

होकाटो ने 14.65 मीटर के थ्रो के साथ इस इवेंट में तीसरा स्थान हासिल किया, यह थ्रो उनका पर्सनल बेस्ट भी था। भारत की तरफ से सोमन राणा ने भी एफ 57 वर्ग के इस फाइनल में भाग लिया था और उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 14.07 मीटर के थ्रो के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। अपने छह प्रयासों के पूरा होने के बाद वह कुछ समय के लिए ब्रॉन्ज मेडल की स्थिति में भी थे, लेकिन अंत में वह पिछड़ गए। मेंस शॉट पुट के इस इवेंट में ईरान के यासिन खोस्रावी ने अपने चौथे प्रयास में 15.96 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

यासिन खोस्रावी का यह थ्रो पैरालंपिक में रिकॉर्ड बन गया, जबकि ब्राजील के थियागो पौलीनो दोस सांतोस ने 15.06 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सिल्वर मेडल जीता।

## चोट के कारण इस साल क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे मार्क वुड




**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड कोहनी की चोट की वजह से इस साल क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। वुड श्रीलंका के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के पहले मैच में चोटिल हुए थे। अब उनके साल 2025 में वापसी की संभावना है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने यह जानकारी शुक्रवार को सीरीज के पहले टेस्ट के तीसरे दिन चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए थे। इसके बाद वह मैच में दोबारा गेंदबाजी करने नहीं उतरे।

सीरीज के बचे दो मैचों के लिए वुड की जगह लीसेस्टरशायर के युवा तेज गेंदबाज जोश हल को टीम में शामिल किया गया था। पहले टेस्ट के तीसरे दिन चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए थे मार्क वुड सीरीज के पहले टेस्ट के तीसरे दिन चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए थे। इसके बाद वह मैच में दोबारा गेंदबाजी करने नहीं उतरे। उन्हें राइट लेग में थाई इंजरी हुई है। इसलिए वह टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं।

## दूसरा टी-20 जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर कब्जा किया



**● स्कॉटलैंड को 70 रन से हराया, ● जोश इंग्लिस की सेंचुरी, स्टोइनिस ने 4 विकेट लिए**

**एडिनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 70 रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर भी कब्जा कर लिया है।

एडिनबरा में खेला गया मुकाबला बारिश की वजह से देरी से शुरू हुआ। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बैरिंगटन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 196 रन बनाए। जोश इंग्लिश ने अपने करियर का दूसरा शतक लगाया। उन्होंने 103 रन की पारी खेली। जोश इंग्लिश ने 43 बॉल में सेंचुरी लगाई। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।


197 रन का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड टीम की शुरुआत खराब रही। 20 रन के अंदर दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट गए। टॉप ऑर्डर बैट्समैन ब्रेंडन मैक्मुलेन 59 और जॉर्ज मुन्से 19 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। पूरी टीम 126 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मार्कस स्टोइनिस ने 4 विकेट लिए।

जोश इंग्लिश की सबसे तेज सेंचुरी जोश ने ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में सबसे तेज सेंचुरी लगाई। उन्होंने 43 बॉल पर अपना शतक पूरा किया। 103 रन की पारी में उन्होंने 7 चौके और 7 सिक्स लगाए।

जोश-कैमरून ने 92 रन की साझेदारी की ऑस्ट्रेलिया के पावर हीटर ट्रैविस हेड को ब्रैड क्यूरी ने शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। लड़खड़ाती पारी को हेड और ग्रीन ने संभाला। दोनों ने मिलकर 52 बॉल पर 92 रन जोड़े। ग्रीन ने 36 रन की पारी खेली। ग्रीन के आउट होने के बाद मार्कस स्टोइनिस बल्लेबाजी करने आए।

### शेर अभी बूढ़ा नहीं हुआ...

## यूपी टी20 लीग में भुवनेश्वर कुमार की खतरनाक बॉलिंग



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे मीडियम पेसर भुवनेश्वर कुमार यूपी टी20 लीग में अपनी दमदार गेंदबाजी से कहर बरपा दिया। लखनऊ फाल्कन्स के लिए काशी रुद्रा के खिलाफ चार ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 4 रन खर्च किए। हालांकि, उन्हें विकेट नहीं मिला, लेकिन भुवनेश्वर कुमार काफी किफायती रहे। यूपी टी20 लीग 2024 में भुवनेश्वर कुमार ने अपनी कसी हुई गेंदबाजी से कहर बरपा दिया। भुवनेश्वर कुमार ने यूपी फाल्कन्स के लिए चार ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 4 रन खर्च किए। इस दौरान उन्होंने एक ओवर मेडन निकाला।

हालांकि, उन्हें विकेट नहीं मिला, लेकिन काशी रुद्रा के बल्लेबाज उनके खिलाफ रन बनाने के लिए तरस गए। यानी भुवनेश्वर ने अपने 24 गेंद के स्पेल में से 20 गेंद डॉट निकाल दी। यही कारण है कि भुवी को लेकर यह कहा जा रहा है कि उनमें अभी भी दम बाकी है और वह टीम इंडिया के लिए टी20 फॉर्मेट में वापसी करने की क्षमता रखते हैं। भुवनेश्वर कुमार आखिरी बार साल 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मुकाबले में मैदान पर उतरे थे।

## राजस्थान रॉयल्स ने राहुल द्रविड़ को मुख्य कोच नियुक्त किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मल्टी ईयर कॉन्ट्रैक्ट पर हुई है। राहुल द्रविड़ का भारतीय टीम के कोच के रूप में कार्यकाल इस साल जून में बारबाडोस में हुए टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद खत्म हुआ।

द्रविड़ ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैं उस फ्रेंचाइजी में वापस आ रहा हूं, जिसे मैंने कई सालों तक अपना घर माना है। वर्ल्ड कप के बाद मुझे लगा कि यह सही समय है कि मैं एक नई चुनौती को स्वीकार करूं, और राजस्थान रॉयल्स इसके लिए सबसे सही जगह है। द्रविड़ ने अपने बयान में कहा, मनोज, जेक, कुमार और टीम ने फ्रेंचाइजी को इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए काफी मेहनत की है।

हमारे पास जो टैलेंट और संसाधन हैं, उनके साथ हम इस टीम को अगले स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। मैं जल्द ही काम शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।

द्रविड़ 2011 से 2015 तक राजस्थान रॉयल्स के साथ पांच सीजन तक जुड़े रहे, जहां उन्होंने अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की थी। अब वह फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा के साथ मिलकर टीम की रणनीति पर काम करेंगे। संगकारा ने कहा, राहुल क्रिकेट के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं, लेकिन पिछले दस सालों में उन्होंने कोच के रूप में जो हासिल किया है, वह अद्भुत है।

## निराशाजनक है- मैंने 10 विकेट लिए लेकिन टीम में बाद में मौका ही नहीं मिला: अजाज पटेल



**ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश), एजेंसी।** न्यूजीलैंड के स्पिनर अजाज पटेल ने कहा कि यह उनके लिए निराशाजनक है कि एक पारी में दस विकेट लेने के बावजूद उन्हें मौके नहीं मिलते। न्यूजीलैंड सोमवार से अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में है। मैच से पहले अजाज ने कहा कि न्यूजीलैंड की घरेलू परिस्थितियों में तेज गति के अनुकूल होने के कारण मौके मिलना मुश्किल है, लेकिन अवसरों की कमी मैदान पर जाने और जब भी मौका मिले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की भूख पैदा करती है।

अजाज ने कहा कि हां, मुझे लगता है कि यदि आप न्यूजीलैंड के सभी स्पिनरों से पूछें, तो घरेलू परिस्थितियों के कारण घर पर कई अवसर प्राप्त करना कभी-कभी मुश्किल होता है। लेकिन, मुझे यह भी लगता है कि जब आप इस तरह की घरेलू परिस्थितियों में आते हैं तो अधिक भूख पैदा होती है। आप परिस्थितियों को जानते हैं यह स्पिन के अनुकूल है। आप वहां जाने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी भूखे हैं। यह वास्तव में खेल में जाने और परिस्थितियों का आनंद लेने के बारे में है। अजाज ने कहा कि यह एक पेशेवर माहौल है और खिलाड़ियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे बाहर जाएं और अपने खेल में सुधार करते रहें और आगे बढ़ते रहें।

मुझे लगता है कि 10 विकेट के बाद हां, आप निश्चित रूप से थोड़ा निराश हैं क्योंकि आपको अधिक अवसर नहीं मिलते हैं, लेकिन साथ ही, एक खिलाड़ी के रूप में, यह अभी भी आपके खेल को बढ़ाने के बारे में है। मैंने 10 विकेट लेने के बाद अपना रन अप थोड़ा बदला है। यह हमेशा सुधार करने के बारे में है और यह हमेशा यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि अगला अवसर आने पर आप तैयार हैं। न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा सौभाग्य की बात है और निश्चित रूप से अपने देश के लिए खेलना कभी नहीं आसान है और उन अवसरों को प्राप्त करना हमेशा काफी खास होता है।

बता दें कि इंग्लैंड के जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले के अलावा एक पारी में दस विकेट लेने वाले अजाज पटेल तीसरे खिलाड़ी हैं। अजाज अब तक 16 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 29.75 की औसत से 62 विकेट लिए हैं।



# फिर कप्तानी से हटाए जाएंगे बाबर आजम?

## पाकिस्तान क्रिकेट में जल्द होगा नया विस्फोट!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की क्रिकेट टीम मुश्किल दौर से गुजर रही है। बांग्लादेश से टेस्ट सीरीज हारने के बाद कप्तानी मे बदलाव की चर्चा तेज हो गई है। अभी वनडे और टी20 में बाबर आजम तो टेस्ट में शान मसूद टीम के कप्तान हैं।

पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप से पहले तक बाबर तीनों फॉर्मेट में कप्तान थे। टूर्नामेंट में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें हटा दिया गया था। टी20 वर्ल्ड कप से पहले शाहीन को हटाकर बाबर को फिर से व्हाइट बॉल कप्तान बना दिया गया।

**पाकिस्तान को नहीं मिल रही जीत:** बांग्लादेश के खिलाफ पहली बार टेस्ट मैच और सीरीज होने के बाद पाकिस्तान की काफी आलोचना हो रही है। दरअसल, पिछले कुछ समय से पाकिस्तानी टीम खराब फॉर्म से जूझ रही है।

वनडे वर्ल्ड कप 2023 हो या फिर टी20 वर्ल्ड कप 2024, टीम का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। द्विपक्षीय सीरीज में भी टीम लगातार हार रही है। यही वजह है कि पाकिस्तानी टीम में एक बार फिर बदलाव की तैयारी चल रही है।

**अमेरिका तक ने हरा दिया था:** बांग्लादेश से मिली हार से पहले वनडे और टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को क्रमशः अफगानिस्तान और अमेरिका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

पिछले तीन वर्षों में पाकिस्तान का घरेलू टेस्ट रिकॉर्ड भी खराब रहा है। इस दौरान उसे छह हार और चार ड्रॉ का सामना करना पड़ा है। इसमें 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ मिली 3-0 की टेस्ट सीरीज हार भी शामिल है। पाकिस्तान को अब अपने घर में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यह सीरीज 7 अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होगी।



**रिजवान बन सकते हैं नए कप्तान**

रिपोर्ट के मुताबिक, मोहम्मद रिजवान तीनों फॉर्मेट में कप्तान बन सकते हैं। ऐसे में टेस्ट कप्तान शान मसूद के साथ ही बाबर आजम को भी कप्तानी से हाथ धोना पड़ेगा। पाकिस्तान को पहले टेस्ट में पारी घोषित करने के बाद बांग्लादेश ने 10 विकेट से हरा दिया था। दूसरे टेस्ट को भी बांग्लादेश ने 6 विकेट से अपने नाम किया।

इसके बाद से पाक टीम की हर तरफ आलोचना हो रही है।

निगमायुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा की टीम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में बिक्री की जा रही मूर्ति/प्रतिमा के दुकानों का निरीक्षण किया गया। प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों की बिक्री पर कड़ी कार्यवाही की गई।



## उप मुख्यमंत्री आज करेंगे सुभाष तिराहा फ्लाईओवर का लोकार्पण

### फ्लाईओवर के रूप में रीवा को मिली विकास की एक और सौगात

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 8 सितम्बर को दोपहर बाद 3 बजे से आयोजित समारोह में सुभाष तिराहा नवीन फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्री जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में पार्षद अर्चना शिवदत्त पाण्डेय, पार्षद श्रीमती ज्योति प्रदीप सिंह तथा पार्षद श्रीमती विमला सतीश सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण द्वारा



नवीन फ्लाई ओवर का 29 करोड़ 61 लाख रुपए की लागत से निर्माण कराया गया है। फ्लाईओवर से सिरमौर चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। सिरमौर तथा यूनिवर्सिटी मार्ग एवं बोदाबाग की ओर जाने वाले व्यक्ति सिरमौर चौराहे में प्रवेश किए बिना सीधे अपने गंतव्य की ओर निकल जाएंगे। सुभाष तिराहा फ्लाई ओवर के रूप में रीवा को विकास की एक और सौगात मिली है।

### उप मुख्यमंत्री आज सरसी आईलैण्ड में लेंगे बैठक

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 8 सितम्बर को सरसी आईलैण्ड में प्रातः 8 बजे बैठक लेंगे तथा मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा नव निर्मित रिसोर्ट का निरीक्षण करेंगे। श्री शुक्ल प्रातः 10 बजे सरसी से रीवा रवाना होंगे तथा दोपहर 12 बजे रीवा पहुंचेंगे।

## जिले में अब तक 491.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में मानसून का जोर कमजोर हो गया है। दिन में तेज धूप के कारण तापमान लगातार अधिक बना हुआ है। जिले में छुटपुट वर्षा हो रही है। जिले में 7 सितम्बर को 8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 34 मिलीमीटर वर्षा मनगवां तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 491.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख लालन सिंह ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 518.7 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 327.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 900 मिलीमीटर, सिरमौर में 501.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 249.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 390.2 मिलीमीटर, मनगवां में 723 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 318 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## आवारा पशुओं के जमाबड़ा से लोग गवां रहे अपनी जान

**रीवा।** मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी इकाई रीवा के नगर सचिव गोकरण शर्मा ने एक बार फिर भाजपा सरकार की ढुलमिल रवैया को देखते हुए निशाना साधा है। उन्होने कहा कि आवारा पशु जिस तरह से रीवा शहर के चारो तरफ रोडो पर कब्जा बना रखा है जिसके कारण आये दिन एक्सीडेन्ट से जाने जा रही हैं तो वहीं किसान अपनी फसल को बचा पाने में असफल हो रहे हैं शाम ढलते ही आवारा पशु रोड में कब्जा जमा लेते हैं वावजूद इसके पशुओ को गौशाला में रखने की सरकार की पोल अपने आप खुल रही है। गोकरण शर्मा ने कहा कि आवारा पशुओं को बसामन मामा स्थिति गौशाला में रखने की बात जिला प्रशासन एवं भाजपा सरकार



कर रही है लेकिन वह दिखावा सावित हुआ जिसके चलते आवारा पशु रोड एवं खेतों में अपना आशियाना बना रखा है। माकपा नेता ने कहा कि यदि 15 दिवस के अन्दर जिला प्रशासन आवारा पशुओं को गौशाला नहीं पहुंचाती तो माकपा का एक प्रतिनिधि मण्डल लोक अदालत में पहुंचकर आन्दोलन प्रदर्शन करेगा। उन्होने आगे बताया कि गड्डी रोड में महाजन टोला से लेकर शिव पुरवा स्टैण्ड तक, रीवा के सभी वाईपास पर, बैकुन्ठपुर स्टैण्ड बीच रोड डिवाइडर पर, अजगरहा रोड, गोविन्दगढ़ रोड़ आदि जगहो पर आवारा पशुओं का जमावड़ा देखा जा सकता है।

## कमिश्नर 9 सितम्बर को करेंगे खाद्य विभाग की समीक्षा

**रीवा।** खाद्य विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक 9 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की जा रही है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में खाद्यान्न के आवंटन, उठाव तथा वितरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन 23 सितम्बर से

**रीवा।** जिला प्रशासन द्वारा एलिम्को जबलपुर एवं जिला निःशक्त पुनर्वास केन्द्र के सहयोग से दिव्यांग परीक्षण शिविर का आयोजन 23 सितम्बर से किया जाएगा। रीवा एवं मऊगंज जिले में आयोजित होने वाले शिविरों में राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत हितग्राहियों का चयन किया जाकर भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम इकाई जबलपुर द्वारा दिव्यांगों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में 23 सितम्बर को, केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में 24 सितम्बर को, शा.उ. बालक हायर सेकण्डरी त्योंथर में 25 सितम्बर को, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सिरमौर में 26 सितम्बर को, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गंगेव में 27 सितम्बर को तथा मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक एक रीवा में 28 सितम्बर को दिव्यांगजन परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी शिविरों के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को नोडल अधिकारी बनाया है तथा अन्य विभागीय अधिकारियों को शिविर आयोजन से संबंधित दायित्व सौंपे गए हैं।

## विनोबा जयंती 11 सितंबर से वाराणसी में 100 दिवसीय सत्याग्रह

### समर्थन में रीवा के जय स्तंभ में 11 की शाम को होगा दीप प्रज्वलन

**रीवा**

समता संपर्क अभियान, राष्ट्र सेवा दल , नारी चेतना मंच , समाजवादी कार्यकर्ता समूह , विंध्याचल जन आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय नेहरू नगर स्थित पूनम जनवासा में लोकतंत्र सेनानी रामायण पटेल की अध्यक्षता में विनोबा जयंती 11 सितंबर के दिन शुरू होने जा रहे वाराणसी सत्याग्रह के समर्थन में बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि रेल एवं वाराणसी प्रशासन के द्वारा एक वर्ष पहले



वाराणसी के राजघाट स्थित सर्व सेवा संघ परिसर पर नाजायज़ तरीके से जबरन कब्जा करके ऐतिहासिक भवनों के ध्वस्त कर दिया गया। इसके विरोध में पूरे देश में आवाज उठाई जा रही है। 5 अगस्त 2024 को जंतर मंतर दिल्ली में धरना प्रदर्शन के माध्यम से विरोध प्रकट किया गया था। वहां यह तय किया गया कि विनोबा जयंती के दिन से वाराणसी में 100 दिवसीय सत्याग्रह शुरू होगा।

जन संगठनों की संपन्न हुई बैठक में समता संपर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक अजय खरे ने बताया कि 100 दिन के सत्याग्रह के दौरान देश भर के विभिन्न स्थानों में देश की आजादी के अमर शहीदों के स्मारकों , जय स्तंभ , स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं के सामने दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। रीवा में 11 सितंबर 2024 को शाम को 6:00 बजे ऐतिहासिक जय स्तंभ पर दीप प्रज्वलित करके वाराणसी सत्याग्रह का समर्थन किया जाएगा।

संपन्न बैठक में राष्ट्र सेवा दल के वरिष्ठ नेता लोकतंत्र सेनानी बृहस्पति सिंह , लोकतंत्र सेनानी अजय खरे , नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री नजमुननिशा , वरिष्ठ समाजसेवी श्रवण प्रसाद नामदेव, सेवानिवृत्त डाकपाल रामकृष्ण पटेल , सामाजिक कार्यकर्ता शेषमणि शुक्ला , नारी चेतना मंच की नेत्री गीता महंत आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल में 10 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** रीवा के संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मध्यप्रदेश में रीवा के संजय गांधी स्मृति अस्पताल (स्लरू॥) में एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है। 10 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई। आरोपी ने अस्पताल में भर्ती नाबालिग के साथ गलत हरकतें कीं और उसे गलत तरीके से छूने का प्रयास किया। पीड़िता ने इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद परिजनों ने अमहिया थाने में शिकायत दर्ज कराई। घटना संजय गांधी स्मृति अस्पताल के ईएनटी (कान, नाक, गला) विभाग में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता सीधी जिले के रामपुर नैकिन क्षेत्र की रहने वाली है, जिसे गले की समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में बिस्तर की कमी के कारण पीड़िता और उसके परिजन फर्श पर लेटे हुए थे। उसी दौरान आरोपी, जो खुद एक अन्य मरीज का अटेंडर बनकर अस्पताल में रुका हुआ था, ने इस घटना को अंजाम देने की कोशिश की। आरोपी की पहचान राजेश साकेत के रूप में हुई है, जो गड़रिया गांव का रहने वाला है। पहले उसने बच्ची से बातचीत के बहाने उसके साथ नजदीकी बढ़ाई और फिर उसे मोबाइल दिखाने के बहाने अपने पास बुलाया। इसके बाद उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। एडिशनल एसपी अनिल सोनकर के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और अब वह न्यायिक हिरासत में है। इस घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान की समीक्षा बैठक 9 सितम्बर को

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 9 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा अभियान की समीक्षा बैठक टीएल बैठक के बाद आरंभ होगी। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल स्वच्छ भारत मिशन के तहत 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारियों की समीक्षा करेंगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## चुनाव के लिए सेक्टर आफीसर तैनात

**रीवा।** नगरीय निकाय में रिक्त पार्षद पदों तथा पंचायत राज संस्थाओं में रिक्त पदों के लिए 11 सितम्बर को मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने इन चुनावों के लिए सेक्टर आफीसर तैनात किए हैं। नगर निगम रीवा के वार्ड क्रमांक 5 में सहायक यंत्री बीएल बुंदेला ने तथा नगर परिषद सिरमौर के वार्ड क्रमांक 4 में सहायक यंत्री विद्युत मण्डल नितिन मिश्रा को सेक्टर आफीसर बनाया गया है। पंचायतों के उप चुनाव के लिए जनपद पंचायत रीवा में वार्ड क्रमांक 12 सुमेदा में सहायक यंत्री पीएचई एसके श्रीवास्तव, जनपद पंचायत गंगेव में ग्राम पंचायत महमूदपुर के वार्ड क्रमांक 8 के लिए सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा निखिल मिश्रा, जनपद पंचायत जवा के वार्ड क्रमांक 4 के लिए सहायक यंत्री जगदीश राजपूत एवं बीआरसीसी जवा विमलेश ओझा को सेक्टर आफीसर बनाया गया है। इनके साथ-साथ पाँच रिजर्व सेक्टर आफीसर भी तैनात किए गए हैं।

## पूर्व सैनिकों का सम्मेलन 10 सितम्बर को

**रीवा।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में 10 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से पूर्व सैनिकों तथा सैन्य विधवाओं का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल पी गंगा ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सभी पूर्व सैनिक, वीर नारियाँ एवं सैनिकों की पत्नी अपने परिचय पत्र के साथ सम्मेलन में शामिल होकर इसका लाभ उठा सकती हैं।

## प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**रीवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश मोहन प्रधान एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में आगामी 14 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री रूपसिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री शिवेन्द्र उपाध्याय अधिवक्ता, श्री अभय कुमार मिश्रा विधिक सहायता अधिकारी, सुरेन्द्र सिंह, आनंद पाण्डेय , मंजूर आहमद अंसारी, आरती तिवारी, अनीश पाण्डेय, दुर्गेश निगम उपस्थित रहे।

## ननि द्वारा प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों की बिक्री पर कड़ी कार्यवाही की गई

**रीवा।** निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम की टीम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में बिक्री की जा रही मूर्ति/प्रतिमा के दुकानों का निरीक्षण किया गया। दिनांक 07.09.2024 को पी.ओ.पी. (प्लास्टर ऑफ पेरिस) से बनी मूर्तियों की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की गई। नया बस स्टैंड में बिक्री करते हुएं पाए जाने प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों को जप्त किया एवं 2000 रुपए की चलानी कार्यवाही की गई। ज्ञातव्य है विभिन्न उत्सवों व त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में मूर्तियॉं, पूजन सामग्री आदि जल स्त्रोतों में विसर्जित किया जाता है। विसर्जित सामग्री में केमिकल रंग, पेन्ट, वार्निस, वस्त्र, पॉलीथिन, थर्माकोल एवं फूलमाला इत्यादि जो जल स्त्रोतों में मिलकर जल की गुणवत्ता को दूषित करता है। जो पानी में ऑक्सीजन की मात्रा को प्रभावित करती है, जिससे जलीय जीवन प्रभावित होता है। आमजन से समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से कई बार अपील की गई है, कि घरों एवं पर्यावरण को नुकसान न पहुॅचाने वाले इको फ्रेन्डली मूर्तियों का उपयोग करें एवं प्राकृतिक पदार्थ से बनी मूर्तियां जिनमें मिट्टी, लकड़ी एवं कागज आदि से बनी इको फ्रेन्डली मूर्तियों का उपयोग करें। प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों का उपयोग बिल्कुल भी न करें। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी के साथ उड़नदस्ता दल के सदस्य मौजूद रहे।

## रीवा में पहली बार डिज़ाइन एक्सपो का आयोजन, उप मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

**रीवा।** इंटरनेशनल डिज़ाइन एकेडमी आइडिया रीवा द्वारा शहर में पहली बार डिज़ाइन एक्सपो का आयोजन आइडिया कैंपस अँगिरा एम्पायर में किया जा रहा है ।9 सितंबर को आयोजित होने वाले इस डिज़ाइन एक्सपो में इंटीरियर डिज़ाइनर फ़ैशन डिज़ाइनर और मेकअप आर्टिस्ट के स्टूडेंट्स एक से बढ़कर एक आकर्षक कलाकृतियों को तैयार करेंगे । इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र शुक्ला उपस्थित रहेंगे, जिन्होंने अपने क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है।और साथ ही उपस्थित रहीं आइडिया जबलपुर की संचालक और सीईओ बतुल अली जिनहोने आइडिया का इंट्रोडेंक्शन देते हुए बताया कि रीवा शहर में पहली बार डिज़ाइनर्स को लेकर ऐसा प्लैटफ़ॉर्म तैयार किया गया है उन्होंने बताया कि इस एक्सपो के ज़रिए वे अपने डिज़ाइनर को 1 और ऑक्यूपेशनल प्रोवाइड कर रहे हैं जिसमें कि वे घर बैठे मामूली सामान का इस्तेमाल इन आरटिफैक्ट्स को तैयार कर मार्केट में सेल कर सकते हैं

,आइडिया कि संचालक डॉ. सुमिता मिश्रा जयपुरिया जीने एक्सपो के बारे में जानकारी देते हुए बताया की इस एक दिवसीय एक्सपो में इंटीरियर डिजाइनिंग फ़ैशन डिजाइनिंग और मेकअप आर्टिस्ट के स्टूडेंट्स द्वारा विजुअल मर्चेंटइज़ाग़ि का कॉन्सेप्ट दिखाया गया है । । इसमें स्टूडेंट्स द्वारा ब्यूटीफुल आउटफिट्स तैयार करे गए हैं और उनके साथ ही क्रिएटिव और इनोवेटिव बैक ड्रॉप सजाया गया है और साथ ही इंटीरियर के मॉडल रेड्डी किए गए हैं और इसके अलावा मेकप आर्टिस्ट मे मॉडल को रेड्डी करके दिखाया गया है व उसकी स्टाइलिंग पर काम किया गया है जिनको आडिया द्वारा एक्सपो के ज़रिये प्रदर्शित किया जाएगा ।उन्होंने बताया कि रीवा शहर में पहली बार डिज़ाइनर को लेकर ऐसा प्लैटफ़ॉर्म तैयार किया गया है। आइडिया की संचालक डॉक्टर सुष्मिता



मिश्रा जयपुरिया ने बताया कि उनके द्वारा अपने स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री और प्रैक्टिकल दोनों ही दिए जाते हैं उन्होंने बताया कि इस एक्सपो के ज़रिए वे अपने डिज़ाइनर को एक और ऑक्यूपेशनल प्रोवाइड कर रहे हैं जिसमें कि वे घर बैठे कम से कम पैसों में अच्छी चीज़ें और आर्टिफैक्ट्स को तैयार कर मार्केट में सेल कर सकते हैं इन प्रोडक्ट की मार्केट में अच्छी ख़ासी डिमांड है इस प्रोडक्ट्स को एक्सपो में प्रदर्शित किया जा रहा है उन्होंने बताया कि इस एक्सपो में आइडिया द्वारा विभिन्न कॉलेज और कोचिंग के स्टूडेंट्स को भी इन्वाइट किया गया है जिससे कि वे एक्सपो में शामिल होकर डिज़ाइनिंग के बारे में जान सकें साथ ही यह भी समझ सकें कि कितने वैरियंस में डिजाइनिंग की जा सकती है। 3 सालों से रोज़गार उपलब्ध करा रहा आइडिया इंटरनेशनल डिज़ाइन एकेडमी द्वारा विगत तीन सालों से रीवा में फ़ैशन डिज़ाइनर इंटीरियर डिज़ाइनर मेकअप आर्टिस्ट और डिज़ाइन कोर्स के ज़रिए बच्चों को रोज़गार मुहैया करा रहा है इस आइडिया डिज़ाइन एक्सपो के ज़रिए डिजाइनर्स अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित कर सकेंगे आइडिए द्वारा बीते 3 सालों से फ़ैशन डिज़ाइनर इंटीरियर डिज़ाइन मेकअप आर्टिस्ट के कोसिस बच्चों को सिखा रहा है और बड़ी संख्या में बच्चों को रोज़गार मुहैया करा कर आत्मनिर्भर बनाया है इस आयोजन में वर्षा पटेल ,केसर धामेचा ,संजना आहूजा ,शाइनी सिंह,अंकित गुप्ता ,जागृति चौरसिया ,तय्यब ख़ान , खुशबू तिवारी ,अंजलि गुप्ता, काव्य सिंह ने अपना प्रदर्शन दिखाया साथ ही मैनेजमेंट स्टाफ़ में सोनाली ताम्रकार ,प्रतिज्ञा लेअडवानी, रुचि गुप्ता ,सीमा सिंह, पिंकी आहूजा ,और उनके स्टूडेंट ने विशेष भूमिका अदा की।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833